इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 | अंक -242 | राजनांदगांव, शुक्रवार 19 जुलाई 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# अलग राह अपनाएंगे नीतीश कुमार! बीजेपी को झटका देकर तीसरे मोर्चे की तैयारी में सीएम

नई दिल्ली। झारखंड में अगले तीन-चार महीनों में संभावित विधानसभा चुनाव के ठीक पहले एक नए सियासी मोर्चे के गठन की कवायद शुरू हुई है। खास बात यह है कि इस मोर्चे की अगुवाई बिहार के सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जदयू कर सकती है। नीतीश कुमार झारखंड में अपनी पार्टी की खोई हुई जमीन फिर से हासिल करना चाहते हैं और इसके लिए वह कुछ छोटी पार्टियों और सियासी समूहों को अपने साथ ला सकते हैं। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में झारखंड के तत्कालीन सीएम रघुवर दास को जमशेदपुर पूर्व सीट पर हराने वाले दिग्गज नेता सरयू राय 'भारतीय जन मोर्चा' नामक पार्टी चलाते हैं। रविवार को पटना में नीतीश कुमार और सरयू राय ने झारखंड में सियासी संभावनाओं पर मंथन किया।

## सरयू राय बोले तीसरा मोर्चा गठित हो

बैठक के बाद सरयू राय ने कहा कि नीतीश कुमार की पार्टी जदयू झारखंड में एनडीए फोल्डर से अलग है। उन्होंने भारतीय जन मोर्चा के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ने पर सहमति जताई है। सरयू राय ने कहा, ÷कोशिश हो रही है कि झारखंड में एनडीए और इंडिया गठबंधन से अलग



तीसरा मोर्चा गठित हो। इसका उद्देश्य झारखंड में दोनों गठबंधनों से निराश जनता के बीच एक नया राजनीतिक विकल्प पेश करना है। इसके तहत कई अन्य नेताओं और राजनीतिक संगठनों को साथ लाने पर चर्चा चल रही है।

## 2005 में हुआ था झारखंड में बीजेपी-जदयू का गठबंधन

दरअसल, नीतीश कुमार की पार्टी का बीते एक-डेढ़ दशक में झारखंड में जनाधार लगातार घटता चला गया। वर्ष 2000 में जब झारखंड अलग राज्य बना था, तब नीतीश कुमार समता पार्टी के सुप्रीमो थे। यहां उनकी पार्टी के पांच विधायक थे। साल 2003 में नीतीश कुमार ने समता पार्टी की जगह जनता दल यूनाइटेड बनाई। इसके बाद 2005 में झारखंड में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा और जदयू का गठबंधन हुआ। भाजपा ने राज्य की 63 और जदयू ने 18 सीटों पर चुनाव लड़ा। जदयू ने छह सीटें जीतीं। 2009 का विधानसभा चुनाव भी भाजपा और जदयू ने साथ मिलकर लड़ा, लेकिन 2014 के चुनाव में दोनों पार्टियों की दोस्ती टूट गई। इसके बाद से झारखंड में जदयू की जमीन खिसकती चली गई। अब जदयू एक बार फिर से पुरानी जमीन हासिल करना चाहती है। पार्टी की नजर झारखंड में कुर्मी-कोयरी वोटरों पर है। बिहार में इस वोट बैंक पर जदयू की पकड़ मानी जाती है। उसकी कोशिश है झारखंड में उन क्षेत्रों में फोकस रखा जाए, जहां इन दोनों जातियों की खासी आबादी है। दो दिन पहले रांची में जदयू की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई, जिसमें विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा हुई। बताया जाता है कि पार्टी 10 से 12 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने कहा कि हमने चुनाव लड़ने के लिए राज्य में सीटें चिन्हित कर ली है। इसकी रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व को भेजी जा रही है।

# 20 जुलाई तक दोबारा रिजल्ट जारी करने का सुप्रीम आदेश, नहीं टलेगी काउंसलिंग; अगली सुनवाई सोमवार को

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में आज नीट यूजी पेपर लीक से जुड़ी लगभग 40 याचिकाओं पर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए को निर्देश दिया कि वह नीट-यूजी 2024 में उपस्थित होने वाले सभी छात्रों द्वारा प्राप्त अंकों को शहर-वार और केंद्र-वार उनकी पहचान छुपाकर अपनी वेबसाइट पर अपलोड करे। शीर्ष न्यायालय ने एनटीए को कहा कि यह छात्रों की पहचान छुपाकर रखना होगा।

ऐसा निर्देश इसलिए दिया गया, क्योंकि याचिकाकर्ताओं ने शिकायत की थी कि वे केंद्र-वार अंकन पैटर्न का पता लगाने में सक्षम नहीं हैं क्योंकि एनटीए ने सभी उम्मीदवारों के परिणाम प्रकाशित नहीं किए हैं। एनटीए को यह कार्य पूरा करने के लिए शनिवार दोपहर तक का समय दिया गया है। न्यायालय ने सुनवाई



को सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया है।

कोर्ट ने सोमवार तक काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। एसजी ने कहा, काउंसलिंग में कुछ समय लगेगा। यह 24 जुलाई के आसपास शुरू होगी। आज एनईईटी पर उच्चतम न्यायालय की अंतिम चरण की सुनवाई के दौरान, उच्चतम न्यायालय ने पाया कि हजारीबाग और पटना परीक्षा केंद्रों में उल्लंघन हुआ है और एनटीए को अभ्यर्थियों के अनुरोध और मांग के बाद अलग-अलग परिणाम प्रदर्शित करने को कहा।

0 कैसे जारी होता है रिजल्ट?

नीट का रिजल्ट आमतौर पर ऑनलाइन जारी किया जाता है। यह रिजल्ट एनटीए की एक ऑफिशियल वेबसाइट पर उपलब्ध होता है, जहां छात्र अपने रोल नंबर और अन्य आवश्यक जानकारी का उपयोग करके अपना परिणाम देख सकते हैं।

## नीट रिजल्ट में होते हैं ये विवरण

इसके अलावा, नीट के रिजल्ट की घोषणा भी समाचार पत्रों में दी जाती थी और अन्य साइटों द्वारा भी इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाती थी। नीट के रिजल्ट में छात्रों की मार्क्स, रैंकिंग और अन्य विवरण शामिल होते हैं। छात्र अपनी रैंकिंग के आधार पर विभिन्न चिकित्सा कॉलेजों में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से की मुलाकात



रायपुर(दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से उनके निवास पर मुलाकात की।

## राज्य से जुड़े मुद्दों पर की चर्चा

बैठक में राज्य में चल रही सड़क परियोजनाओं और आदिवासी क्षेत्रों में व अयोध्या तक सीधी कनेक्टिविटी बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने राज्य में सड़क परिवहन को और अधिक सुलभ व सुविधाजनक बनाने के लिए नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का प्रस्ताव रखा। जिस पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बीजापुर में नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट, सीआरपीएफ के दो जवान शहीद, 4 घायल

बीजापुर। बीजापुर में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर दिया, वहीं इस ब्लास्ट की चपेट में आने से दो जवान शहीद हो गए जबकि चार जवान घायल हो गए। घायल जवानों का जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए हेलीकॉप्टर के माध्यम से रायपुर रेफर किया गया है।

जानकारी के मुताबिक ऑपरेशन से लौटते वक्त पाइप बम में नक्सलियों ने ब्लास्ट किया, इस हमले में एसटीएफ के प्रधान आरक्षक भरत लाल साहू रायपुर, आरक्षक सतेर सिंह नारायणपुर शहीद हो गए। वहीं पुरषोत्तम नाग, कोमल यादव, सियाराम सोरी और संजय कुमार घायल हो गए। बता दें कि सीआरपीएफ, कोबरा, सीएएफ, डीआरजी और एसटीएफ के जवान एंटी नक्सल ऑपरेशन पर निकले थे, बीती रात तर्रेम थाना क्षेत्र के मंडिमरका के जंगलों में नक्सलियों ने ब्लास्ट कर दिया। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने इस पूरी घटना की पुष्टि की है। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने



बताया कि नक्सलियों के खिलाफ मानसून के मौसम में भी लगातार ऑपरेशन जारी है, बस्तर पुलिस और सीआरपीएफ, कोबरा, एसटीएफ और डीआरजी जवानों के द्वारा लगातार संयुक्त रूप से ऑपरेशन चलाया जा रहा है, एसपी ने बताया कि 16 जुलाई को बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा के बीच सीमावर्ती एरिया में लगातार दरभा डिवीजन ,पश्चिम बस्तर डिवीजन और मिलिट्री कंपनी नम्बर-2 के माओवादी की मौजूदगी की सूचना मिल रही थी, जिसके बाद एसटीएफ डीआरजी, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नक्सल हमले में दो जवान शहीद, सीएम साय ने जताया दुख

रायपुर(दावा)। बीजापुर नक्सली हमले में दो जवान शहीद होने पर सीएम विष्णुदेव साय ने दुख जताया है, मुख्यमंत्री ने एक्स पर ट्वीट कर लिखा है कि बीजापुर जिले के तर्रेम क्षेत्र में माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में एसटीएफ के 2 जवानों के शहीद होने और 4 जवानों के घायल होने की दुखद सूचना प्राप्त हुई है, ईश्वर से शहीद जवानों की आत्मा की शांति और घायल जवानों के जल्द से स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। सीएम साय ने कहा, माओवाद के खात्मे के लिए हमारी सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान से नक्सली विचलित हैं और कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं। जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी, माओवाद के खात्मे तक हमारी ये लड़ाई जारी रहेगी।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा बोले- तीन साल में सुलझ जाएगा नक्सलवाद का मुद्दा, समान नागरिक संहिता भी होगी लागू

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने गुरुवार को कहा कि संसाधन संपन्न राज्य में नक्सलवाद समस्या का समाधान तीन साल के भीतर कर लिया जाएगा। यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार राज्य में समान नागरिक संहिता भी लागू करेगी।



उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नक्सलियों के साथ बातचीत की पक्षधर है और उनका लक्ष्य उन्हें मुख्यधारा में लाना है। डिप्टी सीएम ने कहा, मुझे विश्वास है कि नक्सलवाद का मुद्दा तीन साल में हल हो जाएगा। आप तीन साल में इंद्रावती के तट पर शांति से बैठ सकेंगे। यह गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मजबूत नेतृत्व के कारण संभव हुआ है। बुधवार रात छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा किए गए विस्फोट में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के दो जवान बलिदान हो गए और चार अन्य घायल हो गए। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि बंदूक के बल पर नक्सलवाद को खत्म नहीं किया जा सकता। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# गोंडा में पटरी से उतरे चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के 14 डिब्बे, तीन की मौत, 34 घायल

लखनऊ। उत्तरप्रदेश के गोंडा के पास चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के 14 डिब्बे पटरी से उतर जाने के कारण तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 34 घायल हैं। वहीं, दो गंभीर रूप से घायल यात्रियों को लखनऊ रेफर किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेकर स्थानीय प्रशासन को प्रभावित यात्रियों की हरसंभव मदद का निर्देश दिया है। उन्होंने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि घायलों को सही चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो।



उत्तरी सीमांत रेलवे (एनएफआर) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने बताया, ट्रेन नंबर 15904 चंडीगढ़ से बुधवार रात 11.59 बजे डिब्रूगढ़ के लिए रवाना हुई थी। बृहस्पतिवार को ट्रेन गोंडा रेलवे स्टेशन पर दोपहर 2.25 बजे पहुंची और 2.28 बजे यहां से निकली।

गोंडा मुख्यालय से करीब 18 किलोमीटर दूर मोतीगंज-झिलाही बाजार के बीच 2.41 बजे ट्रेन बेपटरी होकर पलट गई। एक-एक करके 14 कोच पटरी से उतर गए जिनमें से आठ पलट गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, हादसे के बाद करीब 500 मीटर तक पटरी उखड़ गई।

इलेक्ट्रिक लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की प्रारंभिक वजह बारिश के कारण पटरी के दोनों तरफ जलभराव होने से ट्रैक का बैठना बताया जा रहा है। हालांकि कुछ मीडिया समूहों ने ट्रेन के ड्राइवर के हवाले से बताया है कि उसने दुर्घटना से पहले धमाके की आवाज सुनी थी। हालांकि इसकी रेलवे ने पुष्टि नहीं की है। यूपी डीजीपी ने भी कहा कि कोई धमाका नहीं हुआ है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 'सीएम योगी को पांच दिनों में बम से उड़ा दूंगा...', पुलिस ने आरोपी को पकड़ा, बताया आखिर क्यों दी धमकी

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक्स हैंडल पर बम से उड़ाने की धमकी मिली। पुलिस ने धमकी भरे पोस्ट को गंभीरता से लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस और सर्विलांस टीम ने मिलकर आरोपी को पकड़ लिया।



पुलिस ने अनिरुद्ध पांडेय को गिरफ्तार किया है। सरायइनायत थाने में उसके खिलाफ एफआईआर हो गई है। अनिरुद्ध से धमकी देने का कारण पूछा, तो उसका जवाब सुनकर सब चौक गए। दरअसल, उसने यह धमकी भरा पोस्ट सुर्खी बटोरने के लिए किया था।

मामला बुधवार रात करीब साढ़े 12 बजे का है। एक्स हैंडल पर एक यूजर ने पोस्ट किया, जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धमकी दी गई थी। उसमें लिखा था कि सीएम योगी को पांच दिनों के अंदर बम से उड़ा दिया जाएगा। पुलिसकर्मियों को इस बारे में पता लगा, तो वह हरकत में आ गए। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# असम सरकार ने रद्द किया मुस्लिम विवाह कानून, सीएम हिमंत विश्व सरमा ने किया ऐलान

नई दिल्ली। असम की हिमंता बिस्वा सरकार ने एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए मुस्लिम विवाह कानून को रद्द कर दिया है। इस घोषणा की जानकारी मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके दी।



उन्होंने लिखा, 'हमने बाल विवाह के खिलाफ अतिरिक्त सुरक्षा उपाय करके अपनी बेटियों और बहनों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आज असम कैबिनेट की बैठक में हमने Assam Repealing Bill 2024 के माध्यम से असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम और नियम 1935 को निरस्त करने का निर्णय लिया है।' अब इसे विधानसभा में लाया जाएगा।

इस कानून में क्या था

असम मुस्लिम मैरिज एंड डायवोर्स रजिस्ट्रेशन एक्ट 1935 में लागू किया गया था, जिसमें मुसलमानों के निकाह और तलाक के पंजीकरण का प्रावधान था। 2010 में इस कानून में संशोधन किया गया, जिसमें 'स्वैच्छिक' शब्द को बदलकर 'अनिवार्य' कर दिया गया। इस संशोधन के बाद, असम में मुसलमानों के लिए निकाह और तलाक का पंजीकरण अनिवार्य हो गया। इस कानून के तहत, किसी भी व्यक्ति को मुसलमान होने के कारण निकाह और तलाक के पंजीकरण के (शेष पृष्ठ 6 पर...)







# सुशासन संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम विष्णु देव साय, कहा- 'स्वभाव से विनम्र हूं लेकिन जनहित के मुद्दे पर कड़े निर्णय लेने से हम पीछे नहीं हटते

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इस वक्त दिल्ली दौरे पर है. आज वह होटल अशोका में आयोजित सुशासन संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए. इसी कार्यक्रम में मंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ विजन ञ 2047 पर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया और सुशासन, विकास तथा राज्य की समृद्धि के संबंध में दृष्टिकोण रखा. इस दौरान सीएम ने अपनी राजनीतिक यात्रा का अनुभव भी साझा किया।

एक सवाल का जवाब देते हुए सीएम साय ने कहा कि भगवान ने स्वभाव से मुझे सीधा बनाया है. मेरा राजनीतिक जीवन 3 दशक से ज्यादा का है और लगातार लोगों का आशीर्वाद बढ़ ही रहा है, सीएम साय ने बताया कि उन्होंने पंच स्तर से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की, पंच से विधायक और फिर सांसद भी बने. इसके अलावा 3 बार पार्टी के अध्यक्ष का दायित्व संभाला. प्रधानमंत्री मोदी के प्रथम कार्यकाल का उल्लेख करते हुए सीएम साय ने



बताया कि और आज प्रदेश के मुखिया का दायित्व पार्टी ने मुझे सौंपा गया है.

## कड़े निर्णय लेने से हम पीछे नहीं हटते

सीएम साय ने कहा कि स्वभाव से मै विनम्र हुं, लेकिन जहां जनहित की बात आती है वहां पर कड़े निर्णय लेने में भी मैं पीछे नहीं हटता. उन्होंने कहा कि आपने बीते दिनों देखा होगा की बलौदाबाजार में दुर्भाग्यजनक घटना हुई जिसमें कलेक्ट्रेट में आगजनी और तोड़फोड़ हुई. इस मामले में हमने कलेक्टर और एसपी को ससपेंड कर दिया गया. राज्य में पहली बार इस तरह की कार्रवाई हुई, इससे हमारा यही संदेश है कि जनहित में अगर हमें किसी भी तरह का कोई निर्णय लेने की आवश्यकता हो तो उससे हम पीछे नहीं हटेंगे।

## कैबिनेट की बैठक आज, लिये जा सकते हैं कई बड़े फैसले

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक आज 19 जुलाई शुक्रवार को नवा रायपुर में महानदी भवन स्थित मंत्रालय में होगी। बैठक का आयोजन दोपहर 3 बजे किया गया है। बैठक में कई अहम फैसले लिये जा सकते हैं। विधानसभा के मानसून सत्र के ठीक पहले होने वाली इस बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# बिलासपुर में नाइट लैंडिंग का रास्ता साफ हाईकोर्ट का निर्देश, छत्तीसगढ़ सरकार तैयार; एक साल से लटका था मामला

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने डीवीओआर टेक्नोलॉजी लगाने के लिए राज्य सरकार की सहमति के बाद नाइट लैंडिंग और जमीन सीमांकन का काम तेज करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस गौतम भादुड़ी और जस्टिस राधाकृष्ण अग्रवाल के कड़े रुख और सार्थक दखल से बिलासपुर एयरपोर्ट के विकास का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

गुरुवार को जनहित याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने बताया कि कोर्ट के निर्देश पर हुई बैठक में केंद्र सरकार ने जो निर्देश नाइट लैंडिंग के सम्बन्ध में दिए गए हैं। उन्हें मानने के लिए राज्य सरकार तैयार है। इससे स्पष्ट हो गया कि अब राज्य सरकार सेटेलाइट आधारित पीबीएन टेक्नोलॉजी के आधार पर नाइट लैंडिंग सुविधा की जिद नहीं करेगी। लगभग एक साल से केंद्र और राज्य के बीच एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग के लिए टेक्नोलॉजी के उपयोग पर मतभेद के कारण मामला अटका था। 19 जून को सुनवाई में हाईकोर्ट ने केंद्र और राज्य की संयुक्त बैठक बुलाकर मामले को हल करने के निर्देश दिए थे। आखिरकार, राज्य को वही निर्देश मानने पड़े जो केंद्र ने अपने 18 अप्रैल के पत्र में दिए थे। उस निरर्थक बहस के कारण हुए समय के नुकसान की भरपाई के लिए कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिए कि वह केंद्र सरकार की एजेंसी के साथ मिल कर जल्दी से जल्दी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# वर्धमान नगर के नागरिकों ने विस अध्यक्ष डॉ. रमन का आभार जताया

## तकरीबन 70 लाख के विकास कार्यो की मिली सौगात



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव दौरे पर रहे स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। गुरुवार को वर्धमान नगर वार्ड नं 19 में वार्डवासियों द्वारा आयोजित आभार कार्यक्रम में भी वे शामिल हुए। यहां वार्ड के विकास हेतु विभिन्न मदों से सामुदायिक भवन हेतु 25 लाख, सीसी रोड 19 लाख, नाली 19 लाख एवं पाथवे निर्माण के लिए 2.5 लाख की राशि स्वीकृत हुई है। इन विकास कार्यों को लेकर वार्डवासियों ने अपने मुखिया का आभार माना। वार्ड के वरिष्ठों ने डॉ. रमन सिंह का सम्मान किया।

डॉ. रमन सिंह ने सभी का अभिवादन करते हुए कहा कि, भाजपा हमेशा एक विजन के साथ काम करती है। हमारा उद्देश्य राजनांदगांव को बहुत आगे ले जाने का है। हमारे दल के पार्षदों ने भी इसमें अपनी भूमिका सुनिश्चित की है। हमारी सरकार बनते ही शहर के विकास कार्यों में तेजी आ रही है। बड़ी योजनाओं और विकास कार्यों के लिए स्वीकृति मिल रही है। उन्होंने कहा कि, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने भी अपनी भूमिका का भली भांति निर्वहन किया है। उनके वार्डों में विकास कार्यों के लिए बड़ी राशि प्राप्त हुई है। इस दौरान किशुन यदु सहित वार्ड के भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं ने भी विस अध्यक्ष का अभिनंदन किया और उनका आभार व्यक्त किया। वार्ड क्रं. 19 के पार्षद किशुन यदु ने कहा कि, संस्कारधानी की जनता ने सदैव ही पूर्व मुख्यमंत्री व विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को अपने परिवार का मुखिया माना है। उन्होंने सुख-दुख में विस क्षेत्र की जनता का साथ निभाया है। डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में ही राजनांदगांव ने जो तरक्की की, मेडिकल कॉलेज, स्टेडियम, हॉकी स्टेडियम जैसी कई ऊंची ईमारतें और यहां लोगों को मिल रहीं सुविधाएं इसकी गवाह हैं। मैं न सिर्फ इसवार्ड बल्कि पूरे शहर की ओर से उनका आभार व्यक्त करता हूं।

इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, पूर्व सांसद महापौर मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, कोमल सिंह राजपूत, अतुल रायजादा, पार्षद शिव वर्मा, मणि भास्कर गुप्ता, गगन आइच, मधु बैद व वर्धमान नगर सोसाइटी के अध्यक्ष गौतम सिंघी एवं वार्डवासी मौजूद रहे।

# रॉयल किड्स कॉन्वेंट ने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम को वाटर कूलर मशीन डोनेट किया

राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कॉन्वेंट ने अपने संस्थापक डॉ. जेबी सिंह की याद में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम को वाटर कूलर मशीन दान की है। यह दान अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी और स्कूल के पूर्व छात्र मृणाल चौबे के अनुरोध पर किया गया।




वाटर कूलर मशीन स्टेडियम में खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए आवश्यक हाइड्रेशन सुविधाएँ प्रदान करेगी, जिससे मैचों और प्रशिक्षण सत्रों के दौरान स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा मिलेगा। यह परोपकारी कार्य समुदाय को वापस देने और खेल बुनियादी ढांचे के विकास का समर्थन करने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। डॉ. जेबी सिंह सर की मानवीय मूल्यों की विरासत की पहल है, जो भविष्य की पीढ़ियों पर सकारात्मक प्रभाव के लिए प्रेरित करती है। मृणाल चौबे ने रॉयल किड्स कॉन्वेंट के प्रति उनकी त्वरित प्रतिक्रिया और उदारता के लिए आभार व्यक्त किया। मैं अपने अल्मा मेटर को हॉकी समुदाय में इस तरह के सार्थक तरीके से योगदान करते हुए देखकर रोमांचित हूं। इस वाटर कूलर मशीन से अनगिनत खिलाड़ियों और अधिकारियों को लाभ होगा, और मुझे रॉयल किड्स कॉन्वेंट से जुड़ने पर गर्व है।

स्कूल का प्रशासन और छात्र एथलीटों और खेल प्रेमियों के जीवन में बदलाव लाने से खुश हैं। यह दान सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक सेवा के प्रति उनके समर्पण को पुष्ट करता है।

संस्था अध्यक्ष डॉ सविता जे बी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, बरसर इंद्र कुमार वैष्णव, अकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खण्डेलवाल, मृणाल चौबे, फिरोज अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी ने संजय बहादुर सिंह सर की इस विशेष मानवीय पहल की सराहना की है।

# पहला कॉलम...

## कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाने बैठक 21 को



राजनांदगांव (दावा)। कोसरिया समाज का स्थान क्लब चौक, हनुमान मंदिर के पास सामुदायिक भवन, बसंतपुर में 21 जुलाई को समय दोप. 2 बजे दिन - रविवार को बैठक रखी गई है। कोसरिया यादव समाज के संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि बैठक में नगर कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाने व संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से विचार विमर्श किया जाएगा। उक्त बैठक में कोसरिया यादव समाज के संरक्षक, वरिष्ठगण, गौटियागण, युवा मंडल, महिला मंडल व वार्डो के सामाजिक सदस्यों के साथ-साथ नगर पदाधिकारी गण अपनी उपस्थिति देगें। समाज के पदाधिकारीगण व सदस्यगण इस बैठक का समय का विशेष ध्यान रखें।

## गुरु पूर्णिमा सभी स्कूल में मनाए- राकेश ठाकुर




राजनांदगांव (दावा)। राकेश ठाकुर अधिवक्ता द्वारा इस वर्ष सभी स्कूल कॉलेज में गुरु पूर्णिमा छात्रा छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से मानने का आह्वान किया करते हुए कहा है कि गुरु पूर्णिमा सदियों से हमारे देश में पारंपरिक रूप से मनाते आ रहे है वर्तमान परिवेश में बच्चो छात्रों को सुंदर संस्कार देने एवं इस पवित्र परंपरा को संजोए रखने के साथ ज्यादा से ज्यादा प्रचार के उद्देश्य से राज्य के सभी स्कूल में गुरु शिष्य के प्रतीक गुरु पूर्णिमा को मनाए जाने हेतु राज्य शासन से निर्देश जारी करने का निवेदन किया है इस हेतु आज एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। गुरु को ईश्वर का दर्जा प्राप्त है धर्म जाति मजहब से ऊपर है इस गुरु शिष्य के महान जीवंत परंपरा को सादगी से मनाए और अपने गुरु के प्रति अपना श्रद्धा आदर अर्पित करने केलिए छात्रों को वर्तमान पश्चिमी सभ्यता के बीच अपने संस्कृति एवं संस्कार देने सभी स्कूल कॉलेज में सामूहिक रूप से मनाए।

## हिमांशु श्रीवास का निधन



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम कोटेरा खरखरा (बालोद) निवासी हिमांशु श्रीवास 19 वर्षीय का 15 जुलाई दिन सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया हैं। उनका अंतिम संस्कार 15 जुलाई दिन सोमवार को दोपहर 2:00 बजे ग्राम कोटरा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे माता जी और एक छोटी बहन सहित भरापूरा परिवार छोड़कर गए।

dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में
शानदार तीसरा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
भैरा उका के कामेडी के डोज... पारिवारिक फिल्म
मोहित साहू कृत
हण्डा
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - अमलेश नागेश, अमृता कुशवाहा, अनिल सिन्हा, नीरज उइके, धर्मेन्द्र साहू आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
19th July to 25th July 2024
silver SCREEN




Handa (C.G)- 12:15, 03:15, and 06:15 pm
Sarfira - 12:00, 03:00 and 09:30 pm
Bad Newz - 12:30, 03:30, 06:30 & 09:00 pm
Kalki 2898 AD - 06:00 and 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# कलेक्टर की उपस्थिति में गार्डन कीपर विषय पर दिया गया प्रशिक्षण



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की उपस्थिति में विगत दिनों राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव में गार्डन कीपर विषय पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर ने प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गार्डन कीपर रोजगार प्राप्त करने का एक बेहतर विकल्प है। प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रशिक्षणार्थी एक बेहतर आदर्श नर्सरी की स्थापना भी कर सकते है। कलेक्टर ने सभी प्रशिक्षणार्थियों से गार्डन कीपर विषय पर मन लगाकर प्रशिक्षण प्राप्त करने कहा।

कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा ने बताया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव में गार्डन कीपर विषय पर 35 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं एवं युवाओं को प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षित कर उनके कौशल का विकास करना है। प्रशिक्षण के माध्यम से 25 युवाओं को गार्डन कीपर विषय पर कौशल प्रशिक्षण दिया गया। केन्द्र की प्रमुख डॉ. गुंजन झा द्वारा फल उद्यान की स्थापना के लिए स्थल व फलों का चुनाव, ले-आऑउट प्रारंभिक तैयारियां एवं प्रायोगिक रूप से ग्राफ्टिंग करने की विधि के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। कृषि महाविद्यालय सुरगी के वैज्ञानिक (फल विज्ञान) डॉ. अभय बिसेन द्वारा फलदार वृक्षों को ग्राफ्टिंग द्वारा तैयार करना एवं फलों में इनार्च वेज और क्लेफ्ट ग्राफ्टिंग के संबंध में जानकारी दी गई।

कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. योगेन्द्र श्रीवास द्वारा नर्सरी प्रबंधन, बेड बनाना, बीज प्रर्वधन, कटाई-छटाई जैसे अन्य विषयों पर प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक श्रीमती अंजली घृतलहरे, डॉ. अतुल डांगे, मनीष सिंह, आशीष शुक्ला, जितेन्द्र मेश्राम द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

# शीघ्र भवन निर्माण व भर्ती हेतु विधानसभाध्यक्ष से मिले

राजनांदगाँव (दावा)। शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय की समस्याओं को लेकर गत बुधवार 17 जुलाई को विधानसभाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से विभागीय उप समिति के जिला संयोजक आनन्द कुमार श्रीवास्तव ने मुलाकात की।

वर्तमान में संचालित मुद्रणालय भवन को शासन के द्वारा विगत वर्षों पूर्व कण्डम घोषित कराए जाने के उपरांत मुद्रणालय का नवीन भवन निर्माणाधीन है, जोकि समय सीमा पर पूरा कराया जाना था, पर अपूर्ण है। कर्मचारी साथी जर्जर व जीर्ण-शीर्ण भवन में भय की स्थिति में कार्य करते हैं। इसके साथ ही विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती भी नहीं हो पाने की स्थिति में कार्य का दबाव भी बना होता है।

उपरोक्त समस्याओं के दृष्टिगत ही शीघ्र ही भवन निर्माण व रिक्त पदों पर भर्ती हेतु निवेदन किया गया है, जिस पर माननीय व विधानसभा अध्यक्ष ने अतिशीघ्र ही निराकरण कराए जाने बाबत आश्वासन दिया। इस अवसर पर विभागीय उप समिति के संरक्षक हैरी जोसफ, राकेश अहिरवार आदि कर्मचारी साथी उपस्थित थे।

# हनुमान मंदिर के सामुदायिक भवन विस्तार का महापौर ने किया लोकार्पण



पांच लाख की लागत से होगा निर्माण

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा वार्ड नं.16 के ठा.प्यारेलाल चौक स्थित हनुमान मंदिर के सामुदायिक भवन में महापौर निधि अंतर्गत 5.00 लाख रूपये की लागत से भवन विस्तार किया गया है। जिसका महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने एक संक्षिप्त एवं गरिमामय आयोजन में वार्डवासियों की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर, फीता काटकर पट्टीका का अनावरण कर लोकार्पण किया। कार्यक्रम में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण सर्वश्री मधुकर बंजारी, सतीश मसीह, विनय झा, भागचंद साहू, श्रीमती दुलारी बाई साहू, राजा तिवारी, राजेश गुप्ता चंपू, वार्ड पार्षद टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, पार्षद शरद पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे।

लोकार्पण अवसर पर महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि वार्डवासियों की मांग पर हनुमान मंदिर के सामुदायिक भवन में भवन विस्तार के लिये महापौर निधि से राशि स्वीकृत की गयी, जिससे भवन बना, जिसका आज लोकार्पण किया जा रहा है। भवन विस्तार हो जाने से अब आयोजन में सुविधा होगी। पूर्व में छोटे भवन के कारण धार्मिक व अन्य आयोजन के लिये भवन छोटा पडता था, भवन विस्तार होने से अब गरिमामय आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार के विकास कार्य आवश्यकता अनुसार वार्ड में कराये जायेगे। कार्यक्रम के पूर्व में मंदिर के प. ऋषि तिवारी तथा वार्ड के मनीष मानिकपुरी, अजय सिन्हा, प्रकाश हरिहारनो, चिंकी श्रीवास्तव ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात अतिथियों ने भगवान भोलेनाथ एवं बजरंगबली की पूजा अर्चनाकर भवन का विधिवत लोकापर्ण किया। इस अवसर पर उप अभियंता दीपक महला सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# जिले में अब तक 1791.9 मिमी वर्षा दर्ज

## लाल बहादुर नगर तहसील में हुई सर्वाधिक 90 मिमी वर्षा

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2024 से अब तक 1791.9 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। एक जून से अब तक पूरे राजनांदगांव जिले में कुल 256 मिमी औसत बारिश हुई है।



जिले के सभी 7 तहसीलों में 18 जून 2024 को औसत 29.8 मिमी बारिश हुई। सर्वाधिक वर्षा लाल बहादुर नगर तहसील में 90 मिमी दर्ज की गई। अब तक हुई बारिश के आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष अब तक सर्वाधिक वर्षा लाल बहादुर नगर तहसील में 397.5 मिमी हुई हैं।

भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में 18 जुलाई 2024 को 208.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 18.5 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 90 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 36.8 मिमी, घुमका तहसील में 5 मिमी, छुरिया तहसील में 35.4 मिमी, कुमरदा तहसील में 10.4 मिमी एवं डोंगरगांव तहसील में 12.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है। 1 जून से अब तक डोंगरगढ़ तहसील में 264.2 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 397.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 261.6 मिमी, घुमका तहसील में 276 मिमी, छुरिया तहसील में 242.3 मिमी, कुमरदा तहसील में 221.1 मिमी एवं डोंगरगांव तहसील में 129.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

# जिलाधीश से वार्ड नं. 20 पेंड्री को सुरक्षित वार्ड रखने की मांग-वैष्णव



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ मुक्तिमोर्चा के उपाध्यक्ष मेघदास वैष्णव ने बताया है कि संत रविदास वार्ड क्रमांक 20 पेंड्री ग्रामीण परिवेश वाला वार्ड है जो कि ग्रामीण वार्ड के नाम से जाना जाता है और कृषि बाहुल्य के अंतर्गत आता है। कृषि कार्य से ही विभिन्न त्योहार, छत्तीसगढ़ी त्योहार को कृषकगण मानते आ रहे हैं। वर्तमान में वार्ड के मतदाता 2000 से अधिक संख्या है।

परिसीमन के आधार पर रविदास वार्ड क्रमांक 20 पेंड्री को 4098 जनसंख्या बनाकर बडा वार्ड का दर्जा दिया जा रहा है जिससे वार्ड विकास, साफ सफाई, बिजली, पानी, स्वास्थ्य के रखरखाव सही तरीके से नहीं हो पाएगा तथा जनता को मुलभूत सुविधाओं को लाभ नहीं मिल पाएगा। पिछले चुनाव में परिसीमन में वार्ड क्रमांक 21 को मेडिकल वार्ड के नाम से संचालित है। वर्तमान में वार्ड 21 को विलोपित कर वार्ड क्रमांक 20 पेंड्री में शामिल करना वार्डवासियों के साथ न्याय संगत नहीं है। जबकि वार्ड क्रमांक 21 मेडिकल वार्ड में अटल आवास, पीटीएस, चन्द्रा कालोनी, मेडिकल अस्पताल को वार्ड में शामिल कर यथावत रखा जाए। जबकि परिसीमन के आधार पर नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत अन्य वार्ड की संख्याएं 2000 से 3000 की मतदाता संख्या की वार्ड बनाया जा रहा है। जबकि पेंड्री वार्ड 20 के मतदाताओं की भावनाओं को नजर अंदाज किया जा रहा है, जिससे वार्डवासी असंतुष्ट हैं। बड़े वार्ड बनने से वार्ड का विकास असंभव है।

जिलाधीश को पत्र के माध्यम से दावा अपत्ति कर मांग की गई। श्री वैष्णव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन, सांसद, विधायक, महापौर एवं आयुक्त से मांग करते हैं कि वार्डवासियों की जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए पेंड्री वार्ड नं. 20 को सुरक्षित एक वार्ड बनाया जाए एवं वार्ड क्रमांक 21 मेडिकल वार्ड को यथावत रखा जाए, जिससे वार्ड का विकास हो सकें।

## नाम परिवर्तन की सूचना

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं शुभम रावत पिता सुखसाय रावत, आयु 19 वर्ष, निवासी- ग्राम बिलडेगी, पोस्ट बिलडेगी, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर छ.ग. का हूं। मैंने अपना पुराना नाम- अदालत से परिवर्तित कर नया नाम- शुभम रावत रख लिया हूं। अब मुझे नये नाम से जाना, पहचाना एवं संबोधित किया जावे। सूचना जाने।**

भवदीय
**शुभम रावत**
पिता सुखसाय रावत,
निवासी- ग्राम बिलडेगी, पोस्ट बिलडेगी, तहसील पत्थलगांव,
जिला जशपुर ( छ.ग. )

## शुभांक

अनुमानित

बी. के
1-5-7
900-9 289-9
राजधानी
3-6-9
480-2 340-7

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## कार्यालय कलेक्टर (जिला निर्माण समिति)
## जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग)

मेनुअल निविदा सूचना क्रमांक-02 (द्वितीय आमंत्रण)

क्रमांक 2082/ जि.पं./ विकास-2/2024-25 खैरागढ़, दिनांक 16/07/2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) ''डी'' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्य हेतु में मुख्य अभियंता, छगग्रासविअ, सिविल लाईन्स, रायपुर द्वारा जारी एस.ओ. आर. दिनांक 22.02.2018 की दर के आधार पर निविदाकारों से निविदा प्रपत्र में मेनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1. कोरे निविदा प्रपत्र प्रदाय हेतु आवेदन देने की तिथि समय | - 22/07/2024 से 26/07/2024 सायं 3.00 बजे तक |
| 2. कोरे निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की तिथि समय | -30/07/2024 से 12/08/2024 सायं 5.30 बजे तक |
| 3. निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि समय | - 21/08/2024, समय 5.30 बजे तक (पंजीकृत डाक से) |
| 4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि समय | -23/08/2024, समय 3.30 बजे |

| स.क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | बाईकटोरी गर्रा से अचानकपुर मार्ग के आर.डी. 13380 मी. पर स्लेब पुलिया निर्माण अचानकपुर | 29.13 |
| 2 | मलैदा से जुरलाखार सड़क में रपटा सह पुलिया निर्माण मलैदा | 10.39 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्रमांक-01. छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, राजनांदगांव में दिनांक 22.07.2024 से देखी जा सकती है। निविदा **कार्यालय परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्रमांक-01, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, कलेक्टोरेट कैम्पस, राजनांदगांव** (छ.ग.) में पहुंचने की अंतिम तिथि **21.08.2024** सायं 5.30 बजे तक है।

**सदस्य सह सचिव**
जिला निर्माण समिति
जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

संवाद-40868/4

# शीतला प्रांगण में लगने जा रहा महाकाल का त्रिशूल

राजनांदगांव (दावा)। शहर के व्यस्ततम चौक मानव मंदिर चौक में महाकाल का त्रिशुल लगाने के विरोध के चलते अब यह शहर के एतिहासिक धर्म स्थल शीतला मंदिर प्रांगण में स्थापित होने जा रहा है। शहर की अधिष्ठात्री देवी मां शीतला प्रांगण में स्थित विशाल वट वृक्ष के सामने जेसीबी से गड्ढा खोद कर लगाए जा रहे महाकाल के इस त्रिशूल का भी लोग दबी जबान में विरोध कर रहे है। लोगों का कहना है कि वैसे ही त्रिशूल धारी भगवान शिव शंकर शीतला मंदिर प्रांगण समीप विद्यमान है, वहीं मंदिर प्रांगण स्थित विशाल वट वृक्ष के चबूतरे में ही लाल रंग का बड़ा सा त्रिशूल गड़ा हुआ है। इसके बाद भी उसी के सामने भगवान महाकाल का कथित कांसे निर्मित त्रिशूल लगाया जाना उचित नहीं जान पड़ रहा। लोगों का तर्क है कि महाकाल का उक्त त्रिशूल लगाने के बाद क्या मानव मंदिर चौक का नाम महाकाल चौक रखने के तर्ज में शीतला माता मंदिर परिवार का नाम महाकाल परिसर हो जाएगा। इससे तो शीतला मंदिर प्रांगण में सिर्फ महाकाल का त्रिशूल ही स्थापित हो पाएगा पर उज्जैन के भगवान महाकाल के नाम पर महाकाल चौक स्थापना का क्या होगा? यह सवाल अनुतरित्त है।



### त्रिशूल लगाने शिवाजी पार्क में गड्ढा

बता दे कि शहर के व्यस्ततम मानव मंदिर चौक में भगवान महाकाल का भव्य त्रिशूल लगाने के लिए गड्डा खोदा गया था लेकिन वहां के वार्ड पार्षद सहित अन्य जागरूक लोगों के विरोध के चलते उक्त त्रिशूल स्थापना के लिए बूढ़ासागर तालाब समीप स्थिति छत्रपति शिवाजी पार्क में विशाल गड्ढा खोदा गया। उसमें त्रिशूल स्थापना हेतु बड़ा सा चबूतरा बनाने छड़ आदि के उपयोग किए गए। जिसमें हजारों रूपए खर्च कर दिए गए।

> ० त्रिशूल लगाने शहर में तीन जगह हुई खोदाई
> ० सावन के पूर्व शीतला मंदिर प्रांगण में स्थापित होगा महाकाल का त्रिशुल

अब शिवाजी पार्क की जगह महाकाल त्रिशूल की स्थापना के लिए शीतला मंदिर प्रांगण को तय किया गया है। लेकिन वहां भी दबी जुबान से विरोध होने लगा है। मंदिर के पुजारी मंगल दुबे व राज दुबे ने बताया कि शीतला मंदिर में भगवान शिव से लेकर काली-दुर्गा माता आदि प्रतिमाओं में त्रिशूल ही त्रिशूल विद्यमान है। मंदिर प्रांगण स्थित वट वृक्ष के विशाल चबूतरे भी योगी महराज का सिन्दूर पूते बड़ा सा त्रिशूल गड़ा हुआ है। इसके बाद भी नगर निगम द्वारा वह पर एक और त्रिशूल लगाया जाना समझ से परे है।

उक्त क्षेत्र के प्रकाश शर्मा ने बताया कि मानव-मंदिर चौक व शीतला प्रांगण से ज्यादा सर्वाधिक उपयुक्त जगह जमात पारा के फौव्वारा चौक वाला स्थान है। यह दिग्विजय कालेज रोड, पुत्री शाला रोड व गुरूद्वारा चौक रोड, तिराहा बनता है जो त्रिशूल की तरह का है।

यहां पर महाकाल का त्रिशूल स्थापित किए जाने से चौक की सुन्दरता बढ़ जाती वही चौक का नाम कर फौव्वारा चौक के बजाय महाकाल चौक रखा जा सकता था। लेकिन नगर निगम का अपना खुद का फैसला ऐसा है जिस पर व खुद ही अडिग नहीं रहता। पिछले साल भर से बूढ़ा सागर तट पर उपेक्षित पड़ा रहा भगवान महाकाल का त्रिशूल नगर निगम द्वारा अब ऐसे जगह में लगाया जा रहा है जिसका औचित्य लोगों के पल्ले नहीं पड़ रहा। ले-देकर 12 हजार रूपए में कथित रूप से मिलावटी कांसे से निर्मित हुए उक्त त्रिशूल की बजाय पूर्व तय स्थान मानव मंदिर चौक के बजाय शीतला मंदिर प्रांगण में लगने से महाकाल सेना के लोग संतुल नजर नहीं आ रहे। कुल मिलाकर देखा जाए तो महाकाल का त्रिशूल इसके निर्माण से लेकर स्थापित किए जाने वाले स्थान को लेकर विवादास्पद रहा। इससे महाकाल के भक्तों के मन को ठेस लग रही है।

# पारदर्शी यूनिफार्म को लेकर आंगनबाड़ी की महिलाएं हड़ताल पर



**कलेक्ट्रेट के सामने धरना प्रदर्शन कर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन... 7 सूत्रीय मांगे पूरी करने की मांग**

राजनांदगांव(दावा)। जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं उन्हें दिए जाने वाले पारदर्शी यूनिफार्म को लेकर आन्दोलन का रूख अख्तियार कर लिया है। बताया जाता है कि आगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को उपलब्ध कराया गया यूनिफार्म पारदर्शी होने के कारण उसे पहनकर आने में उन्हें परेशानी होती है। महिलाओं का इशारा संभवतः उक्त साड़ी को पहनने से उनके अंग दिखने से होगा। उनका कहना है कि उन्हें उपलब्ध कराया जाने वाला यूनिफार्म की जगह कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को उतने कीमत की राशि दी जाए ताकि ढंग का वह यूनिफार्म ले सके व उसे पहन कर आंगनबाड़ी के काम में आ सकें।

### सौंपा गया ज्ञापन

जिला कार्यालय के समीप फ्लाई ओवर के नीचे सीटू, आइफा से सबंद्ध आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकओं ने धरना-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम परियोजना अधिकारी ग्रामीण-1 को ज्ञापन सौंपा है। 7 सूत्रीय उक्त ज्ञापन में स्थानीय स्तर पर मांग की गई है कि बीएलओ एवं अविहित अधिकारी का काम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को न दी जाए। महतारी वंदन कार्य के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि 2000 रूपए फ्लैक्सी फ्रंड की राशि कार्यकर्ता के खाते को दी जाए व आंगनबाड़ी का संचालन समय साढ़े 9 से डेढ़ बजे तक पूर्वानुसार की जाए। आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए एक अतिरिक्त गैस सिलेण्डर दिए जाने तथा मातृ वंदन की राशि कार्यकण एवं सहायिकाओं को प्रतिमाह दिए जाने की मांग की गई है।

# नगरीय निकाय कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान नहीं

**काली पट्टी बांधकर विरोध कर रहे निगम के कर्मचारी**



राजनांदगांव (दावा)। नगरीय निकायों में समय पर कर्मचारियों का वेतन भुगतान नहीं होने से नाराज़ कर्मचारियों द्वारा काली पट्टी बांध कर शांति पूर्ण विरोध किया जा रहा है।

कर्मचारी संघ द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि नगरीय निकायों में समय पर कर्मचारियों का वेतन भुगतान नहीं होने से उन्हें आर्थिक संकट से गुजरना पड़ रहा है। उक्त परेशानियों से जूझ रहे नगरीय निकाय कर्मचारियों की बैठक 16 जुलाई को आयोजित की गई। जिसमे कर्मचारियों के वेतन समस्या को शासन स्तर पर ध्यान आर्कषण करने के लिए कार्यालयीन समय पर 18 जुलाई से काली पट्टी बांध कर कर्मचारी अपना सांकेतिक विरोध का प्रदर्शन कर रहे है। आगामी दिनों सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के अधिकारी/कर्मचारी दिनाक 22 जुलाई को एक दिवसीय शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन कर 29 जुलाई को जिला में अनुमति प्राप्त होने पर एक दिवसीय प्रदर्शन शांतिपूर्वक आन्दोलन किया जाएगा जिसमें नगरीय निकाय के समस्त अधिकारी कर्मचारी हड़ताल में शामिल होगे। इसकी सूचना संचालक संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रायपुर को कर दी गई है।

# खत्म नहीं हो रही यूरिया की एपी की किल्लत, परेशान हो रहे किसान

राजनांदगांव (दावा)। जिले की सोसायटियों में यूरिया व डीएपी खाद की किल्लत खत्म होने का नाम नहीं ले रही। इससे किसानों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। किसान जिस तरह बारिश के लिए बादलों की और ताक रहे है। वैसे ही सोसायटियों की ओर टकटकी नजर बनाए हुए है कि सोसायटियों में दोनों खादों की अब खेप आए कि तब आए। किसानों की माने तो यूरिया व डीएपी खाद ऐसा है। जिसे बोनी और रोपाई के समय डाला जाना आवश्यक होता है लेकिन दोनों खादों की किल्लत के चलते किसानों को सोसायटियों से बैरंग लौटना पड़ रहा है। सेम्हरा दैहान के जागरूक किसान कुलेश्वर वर्मा ने बताया कि हालांकि सोसायटियों में यूरिया 280 रूपए बोरी व डीएपी 1250 रूपए बोरी है लेकिन इसकी कमी होने के चलते किसानों को बाजार से डेढ़-दो गुना दाम में खरीदनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि उक्त दोनों खाद की कमी नैनों यूरिया व नैनो डीएपी पूरा कर सकती है। लेकिन स्प्रीकलर से स्प्रे वाला झंझट के चलते किसान इसे लेने में रूचि नहीं दिखा रहा। उक्त खाद की ड्रोन सिस्टम से छिड़काव की सुविधा होती तो किसान इसका उपयोग करने सामने आ सकते है। यह दोनों खाद का सही व सस्ता विकल्प साबित हो सकता है।

> बोआई और रोपाई में जरूरत पड़ती है, दोनों खाद की, वैकल्पिक खाद के उपयोग की सलाह

### आन्दोलन कर सकते है किसान

बता दे कि इन दिनों अंचल में बुआई का काम लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। उसी तरह रोपाई का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। इस समय जब कि किसानों को दोनों खाद की अतीव आवश्यकता है। किन्तु प्रशासन यह कह कर किसानों को बैरंग लौटा रहा है कि शीघ्र ही नई खेप पहुंचने वाली है।

सेम्हरा दैहान के किसान श्री वर्मा ने बताया कि प्रशासन इस बात को पखवाड़े भर से दोहरा रहा है लेकिन पखवाड़ा गुजर जाने के बाद भी खाद नहीं पहुंची है। उन्होंने कहा कि खाद की किल्लत के चलते किसानों की आन्दोलन का रूख अख्तियार करना पड़ सकता है।

# प्रधानमंत्री की लगातार बढ़ रही लोकप्रियता गर्व की बात - गीता घासी साहू



राजनांदगांव (दावा)। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल में ही सोसल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 100 मिलियन होने पर राजनांदगाँव जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने कहा मोदी के नाम एक और उपलब्धि दर्ज हुई है, उनके रविवार 14 जुलाई को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पूर्व में ट्विटर पर 100 मिलियन यानि 10 करोड़ से अधिक फॉलोअर्स हो गए, इसके साथ वो सबसे अधिक फॉलो किए जाने वाले ग्लोबल लीडर बन गए।

### समूचा विश्व मोदी पर भरोसा कर रही है

पीएम मोदी की इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अध्यक्ष गीता घासी साहू ने कहा कि, यह उपलब्धि न केवल भारत में पीएम मोदी की अद्वितीय लोकप्रियता का, बल्कि वैश्विक मंच पर उनकी महान राजनीतिज्ञता का भी प्रमाण है। इस उपलब्धि पर देश को गर्व है, इससे भारत के मूल मंत्र 'वसुधैव कुटुम्बम' और 'मोदी का परिवार'। समूचा विश्व प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा कर रही है, उनके नेतृत्व से एक नई दिशा मिली है। निःसंदेह प्रधानमंत्री मोदी के प्रेरणादायक व्यक्तित्व और लोकनिष्ठ कार्यशैली ने कोटि-कोटि जनों की भावनाओं को स्पर्श किया है। अटूट जन विश्वास और अपार लोक समर्थन को व्यक्त करती, इस आत्मीय पूंजी के लिए प्रधानमंत्री मोदी बधाई के पात्र है।

# युगांतर का नाम पुनः भारत की सर्वश्रेष्ठ स्कूलों में दर्ज

राजनांदगाँव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल को कॅरियर 360 संस्था द्वारा पूरे भारतवर्ष में बेस्ट रेसिडेंशियल तथा बेस्ट डे स्कॉलर स्कूल की दोनों कैटेगरी में फोर ए प्लस ग्रेड प्रदान कर भारत की सर्वश्रेष्ठ स्कूलों के संकुल में शामिल किया है।

उल्लेखनीय है कि कॅरियर 360 संस्था ने पूरे भारत की प्रसिद्ध स्कूलों को ऑडिट करके युगांतर को 'भारत की टॉप क्लास स्कूल्स' के रूप में सम्मानित किया। स्कूल को यह सम्मान बेस्ट डे स्कॉलर तथा बेस्ट रेसिडेंशियल स्कूल की दोनों कैटेगरी मिलना ऐतिहासिक है। विद्यालय के इस सत्र के एकेडमिक परिणामों, विद्यालय की संरचना, टीचर्स की टीचिंग एबिलिटीज, टीचिंग क्वालिटी, अधिगम के आदान-प्रदान के साथ ही विभिन्न क्वालिटी पैरामीटर्स के आधार पर ऑडिट हुआ। युगांतर ने प्रगति की यह यात्रा विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता प्रदान करने के आधार पर तय की है। संस्था विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए डे- बोर्डिंग और हास्टल की सर्वोत्तम सुविधाएँ प्रदान कर रही है। इसके अलावा संस्था में विविध खेलों के सर्वसुविधायुक्त मैदान भी उपलब्ध है। युगांतर अपनी स्थापना वर्ष में ही जिले का पहला सीबीएसई मान्यता प्राप्त और छत्तीसगढ़ राज्य का पहला आई एस ओ सर्टिफाइड स्कूल बना। यही नहीं अध्ययन के अलावा खेल के क्षेत्र में भी अपना जौहर दिखाते हुए युगांतर अनेक बार राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त करता रहा है। भारत सरकार ने खेल के प्रति समर्पण को देखते हुए युगांतर में खेलो इंडिया बास्केटबॉल एकेडमी बनाई। यहाँ के बच्चों ने इस सत्र में एकेडमिक परीक्षा परिणामों में एकतरफा बाजी मारी। वही शाला की चारदीवारी से बाहर के ओलंपियाड एग्जाम्स में भी वर्ल्ड रैंक 1 ,4, 9 एवं 10 प्राप्त करते हुए बाहर की संस्थाओं के द्वारा संचालित एग्जाम्स में भी अपना दबदबा बनाए रखा। कार्तिक नायर ने एस ओ एफ द्वारा आयोजित साइबर ओलंपियाड में वर्ल्ड रैंक वन लाकर राजनांदगाँव का मस्तक-स्वर्ण-अभिषेक किया है। यहाँ के बच्चे आईआईटी मुंबई के टेक- फेस्ट कंपटीशन में छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान एवं देश में छठे स्थान पर रहे। भारत के पेट्रोलियम एवं गैस मंत्रालय द्वारा आयोजित ड्राइंग एवं निबंध कंपटीशन में छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहे। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपना परचम अव्वल दर्जे पर लहराए रखा। स्विमिंग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में युगांतर के बच्चों ने अपने प्रदर्शन से सभी को अचंभित कर दिया।



**कॅरियर 360 संस्था ने युगांतर को फोर ए प्लस ग्रेड प्रदान कर सम्मानित किया**

बास्केटबॉल की सीबीएसई नेशनल चैंपियनशिप में देश विदेश की तमाम टीमों को हराते हुए युगांतर ने अपना पहला नंबर बनाए रखा। कुल मिलाकर आर्ट क्राफ्ट, ड्राइंग, निबंध, राइटिंग, रामायण पाठ, रोबोटिक्स, वर्ल्ड लेवल ओलंपियाड्स, सीबीएसई 12वीं तथा सीबीएसई दसवीं बोर्ड में 100 प्रतिशत रिजल्ट, ऐतिहासिक एग्जीबिशन, शानदार क्रीड़ा उत्सव, गरिमा मय वार्षिकोत्सव चौतरफा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए युगांतर ने अपना श्रेष्ठता का परचम लहराए रखा है। तन्वी बिंदल (99 प्रतिशत) ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड में छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रथम स्थान, भारत में तृतीय स्थान प्राप्त कर इतिहास रचा है।

संस्था के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद्र कोटड़िया, प्राचार्य डॉ मधु पी चौधरी, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने कहा है कि यह उपलब्धि युगांतर परिवार के अथक मेहनत का परिणाम है। आगे उन्होंने कहा संस्था एकेडमिक क्षेत्र में और भी नवाचार एवं सर्वश्रेष्ठ करने हेतु कृत संकल्पित है। शाला की अधिकांश कक्षाएँ पूर्णतया एसी क्लास रूम में परिवर्तित की गई है। यही नहीं उच्च तकनीकी ई- बोर्ड सुविधा से कक्षाएँ भी सुसज्जित की गई हैं। विद्यार्थियों को एसी बस की सुविधा भी प्रदान की गई है। यह पूरे युगांतर परिवार का सम्मान है। युगांतर की निरंतर प्रगति की यह यात्रा अविस्मरणीय बनकर एक नया इतिहास और कीर्तिमान रची है। युगांतर ने इस वर्ष एकेडमिक रिजल्ट को प्रभावी बनाया है। इस तरह युगांतर ने एकेडमिक क्षेत्र में नित नया कीर्तिमान रचा है।

# बाजार से खरीदने पड़ रहे खाद

राजनांदगांव (दावा)। किसान कुलेश्वर वर्मा ने बताया कि प्रशासन द्वारा सोसायटियों के माध्यम से यूरिया डीएपी पोटास आदि खाद उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति में किसानों के बाजार से महंगे दामों में खाद खरीदनी पड़ रही है।



उन्होंने बताया कि डीएपी की आवश्यकता केवल बोआई और रोपाई के समय अधिक होती है। इस खाद का उपयोग धान के पौधों में बालियां आने तक तीन चरणों में की जाती है। इस खाद को प्रति एकड़ एक से दो बोरी का उपयोग किया जाता है। चूंकि इसमें आवश्यक पोषण तत्व अधिक होता है इसलिए किसान इसी खाद को ज्यादा प्राथमिकता देते है।

० खाद का प्रदेश व्यापी संकट

कृषि विभाग के उप संचालक टीकम ठाकुर ने बताया कि खाद का संकट अभी प्रदेश व्यापी बना हुआ है। इसलिए सहकारी समितियों में किसानो को रोक-रोक कर मांग से आधे से भी कम खाद दिया जा रहा है। यही वजह है कि बड़े जोतनदार किसानी को खाद की किल्लते झेलनी पड़ रही है।

बता दे कि अब तक इस साल जिले में मिली खाद का प्रतिशत आवश्यकता से मात्र 65 प्रतिशत है। कृषि विभाग के अनुसार डीएपी खाद का प्रदेश स्तर पर संकट बनी होने की वजह से किसानों को जैसे-जैसे स्टाक मिल रहा है उन्हें उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वैसे किसानों को वैकल्पिक खाद का भी उपयोग करना चाहिए ताकि फसलों को जरूरी पोषकतत्व मिल सके।

> "जिले में मात्र एक ड्रोन उपलब्ध हो पाया है। महंगी कीमत होने की वजह से उसकी उपलब्धता नहीं हो पा रही है। दोनी नैनो खाद यूरिया डीएपी का अच्छा विकल्प साबित हो सकता है-
>
> **सचिन बघेल, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक राज.**

# अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद का 61 वां निःशुल्क विकलांग शल्य शिविर 3 अगस्त को

राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद बिलासपुर द्वारा आगामी 3 अगस्त शनिवार को सुबह 9:00 बजे से जिला अस्पताल पुराना बस स्टैंड बिलासपुर में 61वें निःशुल्क विकलांग शल्य शिविर का आयोजन अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद बिलासपुर, जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग, मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला अस्पताल एवं जिला पुनर्वास केंद्र बिलासपुर के सहयोग से किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी देते हुए अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के मदन मोहन अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर, राजनांदगांव जिला महामंत्री पवन लोहिया ने बताया कि 3 अगस्त को सुबह 9:00 बजे से आयोजित विकलांग शल्य शिविर में लाभ लेने के इच्छुक दिव्यांग भाई अपना अग्रिम पंजीयन करवा सकते हैं, तथा इस शिविर आने वाले दिव्यांगों की जांच, चयन, पैथोलॉजी जांच, भर्ती, शल्य क्रिया पूर्व की तैयारी एवं कैलिपर्स की नाप ली जाएगी। 04 एवं 05 अगस्त को उद्घाटन समारोह के साथ ही शल्य क्रिया एवं प्लास्टर का कार्य होगा। 04 से 10 अगस्त तक अवलोकन एवं उपचार प्रतिवेदन, 11 अगस्त को सुझाव एवं दवा के साथ डिस्चार्ज सुबह 10:00 बजे तक, 13 अगस्त को सुबह पुन जांच, प्लास्टर निकालना, कैलिपर्स देना एवं समापन समारोह शाम 05:00 बजे होगा। पवन लोहिया ने आगे बताया कि इस शिविर में डॉ. के एस वाजपेई बलोदा बाजार, डॉ. जी एल अरोरा लखनऊ, डॉ. डी एन देवांगन रायपुर, डॉ. हरिकृष्ण अग्रवाल अकलतरा, डॉ.विनोद पांडेय धमतरी, डॉ.गोपेंद्र सिंह दीक्षित बिलासपुर, डॉ.संतोष साहू रायपुर सहित जिला चिकित्सालय बिलासपुर के सभी विशेषज्ञ चिकित्सक इस शिविर में अपनी सेवाएं देंगे।

> जिला अस्पताल बिलासपुर में होगा शिविर

आयोजक संस्था के सदस्यों ने बताया कि 3 अगस्त को प्रारंभ होने वाले निशुल्क शल्य क्रिया शिविर में पोलियों ग्रस्त, टेढ़े-मेढ़े पैर एवं अन्य प्रकार के पैरों की विकृति को शल्य क्रिया के माध्यम से ठीक किया जाएगा एवं ऐसे दिव्यांगजन जो घिसट कर चलते हैं, अपने पैरों पर खड़े नहीं हो सकते एवं जिनकी उम्र 2 वर्ष से 30 वर्ष के बीच है, वे इस शिविर का लाभ ले सकेंगे। शिविर से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए आयोजक संस्था के सदस्य मदन मोहन अग्रवाल के मोबाइल नंबर- 94255-36246, राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर 97522-82222, डीपी गुप्ता 94255-35202 एवं लक्ष्मी कुमार जायसवाल 79990-41723, पवन लोहिया 94252-40470 पर चर्चा कर अपना अग्रिम पंजीयन करवा सकते हैं।

# ग्राम टेड़ेसरा में किया गया पौधरोपण

**कलेक्टर ने ग्राम टेड़ेसरा को ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित करने की अपील की**



राजनांदगांव (दावा)। पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जिला प्रशासन द्वारा मिशन जल रक्षा अंतर्गत जनसहभागिता से वृक्षारोपण महाभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम टेड़ेसरा स्थित सिंपलेक्स इंजीनियरिंग एण्ड फाऊंडरी वर्क्स द्वारा इकाई के सामने सड़क किनारे पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित होकर पौधरोपण किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मिशन जल रक्षा अंतर्गत जनसहभागिता से चलाए जा रहे वृक्षारोपण महाभियान को मिल रहे सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के साथ ही पौधों का संरक्षण भी जरूरी है। उन्होंने अधिक से अधिक पोधरोपण कर ग्राम टेड़ेसरा को ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित करने की अपील की। इस अवसर पर संस्था के कर्मचारियों एवं ग्रामीणों ने भी पौधरोपण किया।

# छत्तीसगढ़ को आज मिलेगा पांच राष्ट्रीय पुरस्कार, स्पार्क-2023-24 के लिए चार नगरीय निकायों और सूडा का हुआ चयन

रायपुर। छत्तीसगढ़ को दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए नई दिल्ली में 18 जुलाई को पांच राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) और प्रदेश के चार नगरीय निकायों बिलासपुर, रायगढ़, चांपा एवं भाटापारा का चयन प्रतिष्ठित 'स्पार्क-2023-24' पुरस्कारों के लिए किया गया है।

राज्य में शहरी गरीब परिवारों को सशक्त बनाने और उनकी आजीविका के अवसरों को बढ़ाने में उत्कृष्ट कार्यों के लिए ये पुरस्कार प्रदान किए जा रहे हैं। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली के इंडिया हैबिटाट सेंटर में आयोजित समारोह में सूडा और चारों नगरीय निकायों को पुरस्कृत किया जाएगा। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और राज्य मंत्री तोखन साहू यह पुरस्कार प्रदान करेंगे।

उपमुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने राज्य को गौरवान्वित करने वाली इस उपलब्धि के लिए सूडा और चारों नगरीय निकायों की टीम को बधाई दी है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन से राज्य में शहरी आबादी के जीवन में उल्लेखनीय सुधार आया है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को लगातार लाभान्वित किया जा रहा है।

# 12 साल की बच्ची से रेप : घर पर रहते थे भाई-बहन, कोई नहीं होने का फायदा उठाकर नाबालिग से दुष्कर्म करता रहा दरिंदा

बालोद(दावा)। जिले में मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है, जानकारी के मुताबिक, पांच साल पहले मां घर छोड़कर चली गई. वहीं पिता भी काम करने दूसरे जिले चले गए. घर पर कोई नहीं होने का फायदा उठाकर युवक कक्षा 7वीं में पड़ने वाली नाबालिग से लगातार दुष्कर्म करता रहा। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, घर में 12 साल की पीड़ित बच्ची और 7 साल के भाई दोनों ही रहते थे। दादी भिलाई में रहती है, घर में कोई नहीं होने का फायदा उठाकर आरोपी लगातार बच्ची से दुष्कर्म करता रहा, इस घटना की जानकारी पीड़िता ने गांव में कुछ लोगों को दी, गांव में पहले मामले को दबाने का प्रयास किया गया।

## अनमोल दावा

> निर्णय वही उत्तम होते है, जो केवल स्वयं के हित के लिये नहीं, अपितु अन्य की भावनाओं का विचार करके लिए जाए...।

## असमानता और महंगाई से आम जनता परेशान, आधी आबादी को नहीं मिल रहा भरपूर भोजन

अमीर लोगों का घरेलू खर्च बढ़ रहा है। यानी उनकी आमदनी भी बढ़ रही है। इससे बाजार में भी विसंगतियां पैदा होती हैं। केवल अमीर लोगों के बल पर कोई बाजार नहीं टिक पाता। अमीरों की आमदनी बढ़ने से ऐशो-आराम की वस्तुओं की बिक्री जरूर बढ़ जाती है, मगर आम उपभोक्ता के बल पर खड़े खुदरा बाजार को निरंतर संघर्ष करते रहना पड़ता है।

महंगाई का सीधा असर आम उपभोक्ता के घरेलू खर्चों पर पड़ता है। इसलिए यह हैरानी का विषय नहीं कि थोक और खुदरा महंगाई की बढ़ी दरों के साथ ही उपभोक्ता व्यय के आंकड़े भी बढ़े हुए आए हैं। सरकार द्वारा जारी 2022-2023 की घरेलू खर्च रपट के मुताबिक देश के करीब आधे लोगों को तीन वक्त का भोजन नहीं मिल पाता। गांवों और शहरों में रहने वाले लोगों के बीच यह अंतर बहुत मामूली है। करीब आधी आबादी नाश्ता, दोपहर और रात का भोजन नियमित नहीं कर पाती।

इसकी वजह केवल बढ़ी हुई महंगाई नहीं, बल्कि आय में बढ़ती विषमता है। देश के शीर्ष पांच फीसद अमीर और पांच फीसद सबसे अमीर लोगों के घरेलू खर्च में करीब बीस गुना का अंतर है। पांच फीसद सबसे गरीब ग्रामीण लोगों का औसत घरेलू खर्च 1373 रुपए और पांच फीसद शीर्ष शहरी अमीरों का घरेलू खर्च 20824 रुपए है। इसे लेकर स्वाभाविक ही विपक्ष को सरकार पर निशाना साधने का मौका मिल गया है। कांग्रेस ने पिछले दस वर्षों में बढ़ी हुई आय संबंधी विषमता का आंकड़ा पेश करते हुए सरकार की आर्थिक नीतियों की आलोचना की है।

घरेलू खर्च में बढ़ोतरी और गरीब तथा अमीर के उपभोग व्यय में भारी अंतर आर्थिक विसंगतियों को रेखांकित करता है। महंगाई और घरेलू खर्च बढ़ने से लोगों को तब परेशानी नहीं होती, जब उसी अनुपात में उनकी आमदनी बढ़ी हो। मगर पिछले पांच-सात सालों में लोगों की क्रयशक्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। कोरोना काल के बाद लाखों लोगों की नौकरियां और रोजगार छिन गए, इससे उन्हें घर का खर्च चलाना मुश्किल है। तिस पर बढ़ती महंगाई मुसीबतों का पहाड़ बन कर टूटती है।

दूसरी तरफ, अमीर लोगों का घरेलू खर्च बढ़ रहा है। यानी उनकी आमदनी भी बढ़ रही है। इससे बाजार में भी विसंगतियां पैदा होती हैं। केवल अमीर लोगों के बल पर कोई बाजार नहीं टिक पाता। अमीरों की आमदनी बढ़ने से ऐशो-आराम की वस्तुओं की बिक्री जरूर बढ़ जाती है, मगर आम उपभोक्ता के बल पर खड़े खुदरा बाजार को निरंतर संघर्ष करते रहना पड़ता है। पिछले कुछ वर्षों में सृजित कुल संपत्ति का करीब चालीस फीसद हिस्सा देश के केवल एक फीसद लोगों के पास गया है। देश की सत्तर करोड़ आबादी की कुल संपत्ति के बराबर हिस्सा कुल इक्कीस अमीरों के पास है।

अर्थशास्त्रियों का कहना है कि अर्थव्यवस्था में बढ़ते एकाधिकार की वजह से महंगाई बढ़ रही है। मगर सरकार इस विसंगति को दूर करने को लेकर गंभीर नजर नहीं आती। विचित्र है कि एक तरफ तो देश को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित किया जाता है। कुछ वर्षों में देश के दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने का दावा किया जा रहा है। इसके विकसित देशों की श्रेणी में शुमार होने की उम्मीद जताई जा रही है। मगर इसके बरक्स दूसरी तस्वीर यह है कि देश की आधी आबादी तीन वक्त का भोजन नहीं जुटा पाती।

सरकार खुद इसे अपनी बड़ी उपलब्धि के रूप में रेखांकित करती है कि वह अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज उपलब्ध करा रही है। जब तक लोगों की क्रयशक्ति नहीं बढ़ती और आय की असमानता दूर नहीं होती, तब तक संतुलित आर्थिक विकास की उम्मीद करना मुश्किल बना रहता है। इसके लिए नए रोजगार सृजित करने और वेतन-भत्तों के मामले में व्यावहारिक नीति बनाने की जरूरत होती है, जिसका अभाव लंबे समय से देखा जा रहा है।

# बारिश के मौसम में होने वाली बीमारियां और उनकी रोकथाम

**धनंजय राठौर, संयुक्त संचालक**




बारिश के मौसम में बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना आवश्यक होता है। साफ पानी का सेवन, संतुलित आहार और उचित सावधानियों के माध्यम से हम इन बीमारियों से बच सकते हैं। स्वस्थ रहें और बारिश के मौसम का आनंद लें। बारिश का मौसम अपने साथ खुशहाली और ताजगी लाता है, लेकिन इसके साथ ही यह कई बीमारियों का खतरा भी बढ़ा देता है। बारिश के मौसम में नमी और पानी का जमाव बीमारियों के लिए अनुकूल वातावरण पैदा करता है। बारिश के मौसम में होने वाली प्रमुख बीमारियों और उनकी रोकथाम के उपायों के बारे में सावधानियों की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आम नागरिकों से अपील की है कि जलजनित बीमारियों से बचने जागरूक रहें और अपने आसपास पानी का जमाव होने न दें, ताकि मच्छर पनप न पाए। उन्होंने लोगों से अपील की है कि जलजनित बीमारी फैलने पर तुरंत स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमला को जानकारी दें और त्वरित उपचार के लिए जीवन रक्षक दवाओं का उपायोग करें। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वास्थ्य अमलों को काम्बेट टीम के गठन के निर्देश दिए हैं। साथ ही राजस्व अमले को भी मौसमी बीमारी फैलने पर तत्काल स्वास्थ्य शिविर लगाने निर्देश दिए हैं।

बरसात के मौसम में फैलने वाली प्रमुख मौसमी बीमारियों के लक्षण और बचाव के तरीके निम्नानुसार है -

डेंगू और मलेरियाः- डेंगू और मलेरिया दोनों बीमारियाँ मच्छरों के कारण होती हैं। बारिश के मौसम में जगह-जगह पानी जमा होने से मच्छरों की संख्या बढ़ जाती है।

लक्षणः- डेंगूः- तेज बुखार, सिरदर्द, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द, त्वचा पर लाल चकत्ते का होना।

मलेरियाः- ठंड लगना, तेज बुखार, पसीना आना, सिरदर्द।

डेंगू और मलेरिया दोनों बीमारियाँ मच्छरों के काटने से फैलती हैं, लेकिन दोनों बीमारियाँ अलग-अलग प्रकार के मच्छरों के काटने से फैलती हैं और इनके मच्छरों में कुछ महत्वपूर्ण अंतर होते हैं। इन दोनों मच्छरों के बीच के अंतर इस प्रकार है -

### डेंगू मच्छरः-

प्रजातिः- एडीड एजिप्टी ये मच्छर मुख्य रूप से दिन में काटते हैं, विशेषकर सुबह और शाम के समय। ये मच्छर साफ पानी में प्रजनन करते हैं। कूलर, गमले, टायर और अन्य स्थिर पानी के स्रोतों में पनपते हैं।

मलेरिया मच्छरः- एनोफिलीस ये मच्छर मुख्य रूप से रात में काटते हैं। ये मच्छर गंदे पानी, धान के खेतों, और तालाबों में प्रजनन करते हैं। इनके लार्वा को समाप्त करने के लिए जमे हुए पानी में मिट्टी तेल छिड़काव करना चाहिए।

रोकथामः- मच्छरों के काटने से बचने के लिए मच्छरदानी का उपयोग करें। पानी को जमा न होने दें और घर के आसपास सफाई रखें। मच्छर भगाने वाले क्रीम और स्प्रे का उपयोग करें। घर में नीम पत्ती जलाकर धुंआ करने से मच्छर से बचा जा सकता है।

टाइफाइडः- टाइफाइड एक बैक्टीरियल संक्रमण है, जो प्रदूषित पानी और भोजन के सेवन से फैलता है।

लक्षणः- तेज बुखार, पेट में दर्द, सिरदर्द, कमजोरी, भूख में कमी।

रोकथामः- साफ और स्वच्छ पानी पीएं। खाने से पहले और बाद में हाथ को साफ धोएं। बाहर के खाने से बचें, विशेषकर सड़क किनारे के खाने में मक्खियां बैठी रहती है, इसलिए ऐसे खाद्य पदार्थों का उपयोग करने से, सड़े-गले खाद्य पदार्थों के उपयोग से बचें।

कॉलराः- कॉलरा एक बैक्टीरियल संक्रमण है, जो दूषित पानी और भोजन से फैलता है।

लक्षणः- उल्टी, दस्त, पेट दर्द, अत्यधिक प्यास, कमजोरी।

रोकथामः- साफ पानी पीएं और खाना बनाते समय स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। पानी को उबाल कर पीएं और खाने की सामग्री को ढक कर रखें।

सर्दी और फ्लूः- बारिश के मौसम में तापमान में अचानक बदलाव और नमी के कारण सर्दी और फ्लू का खतरा बढ़ जाता है।

लक्षणः- खांसी, जुकाम, बुखार, गले में खराश, बदन दर्द।

रोकथामः- मौसम के अनुसार कपड़े पहनें और भीगने से बचें और गीले कपड़े का इस्तेमाल न करें। विटामिन सी युक्त फलों का सेवन करें। भीड़-भाड़ वाले स्थानों से बचें।

त्वचा संबंधी बीमारियाँः- नमी और गंदगी के कारण त्वचा संबंधी संक्रमण, जैसे फंगल इंफेक्शन, बढ़ जाते हैं।

लक्षणः- त्वचा पर लाल चकत्ते, खुजली, जलन।

रोकथामः- त्वचा को सूखा और साफ रखें। गीले कपड़े जल्द से जल्द बदलें। एंटीफंगल पाउडर या क्रीम का उपयोग करें।

### कंजेक्टिवाइटिस (आँख आना):-

कारणः- बैक्टीरियल या वायरल संक्रमण एलर्जी, गंदे हाथों से आँखों को छूना

लक्षणः- आँखों में लाली, खुजली और जलन, पानी निकलना, सूजन का होना

रोकथामः- साफ और स्वच्छ हाथों से आँखों को छुएं। व्यक्तिगत तौलिए और रुमाल का उपयोग करें। संक्रमित व्यक्ति के संपर्क से बचें और काले चश्में का उपयोग करें।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 208 : रानी कैकेई ने कहे राजा दशरथ को चुभने वाले वचन

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



श्री राम और सीता शयनावस्था में भी श्री हरि विष्णु के ध्यान में निमग्न हैं। क्या कल श्री राम का अभिषेक होगा या फिर आज की तरह कल से उनकी रात्रि इसी तरह कठोर भूमि पर कुश की शय्या पर ही व्यतीत होने वाली है?

रात्रि का चौथा प्रहर प्रारंभ होने वाला है। राजा के तूणीर में अब तर्कों के बाण खाली हो चुके थे।राजा दशरथ ने हठ मुद्रा धारण करने जा रही रानी कैकई को रात भर मनाने का प्रयत्न किया, लेकिन वे नहीं मान रही हैं।

''महाराज! रात्रि का चौथा प्रहर शुरू हो चुका है। अपना वचन शीघ्र पूरा कीजिए और राम को यहां बुलवाकर अपने निर्णय की सूचना दे दीजिए।''

''राम तो आ ही जाएंगे लेकिन तुम एक बार भरत से तो पूछ लेती कि क्या तुम अपने ज्येष्ठ भ्राता के स्थान पर अयोध्या का युवराज बनने को तैयार हो?''

''इसकी आवश्यकता नहीं है महाराज! भरत आज्ञाकारी है। जब उसे यह ज्ञात होगा कि ऐसा निर्णय पिताश्री और माता श्री ने मिलकर किया है तो वह यह समझ ही जाएगा कि इसमें राज्य का कल्याण छिपा हुआ है।''

''ओह कैकेई! तुम्हारे कुतर्कों का ग्रहण इस अयोध्या राज्य के कीर्ति चंद्र पर युगों - युगों तक एक कलंक बनकर छाया रहेगा।''

''और आप सूर्यवंशी राजाओं के इतिहास में अपने वचन से मुकर जाने वाले सम्राट के रूप में याद रखे जाएंगे।''

ऐसा कहती हुई रानी ने निष्ठुरतापूर्वक फिर पद्मासन लगाया। वे मन ही मन मंत्रोच्चार करने लगीं। मर्माहत राजा दशरथ अपने हाथों का संकेत कर रानी को रोकने का प्रयत्न कर रहे हैं। मनुष्य शारीरिक पीड़ा को तो सहन कर सकता है, लेकिन चोट जब हृदय स्थल पर लगी हो तो इसे संभालना असंभव हो जाता है।यही राजा दशरथ के साथ भी हुआ।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)



## शब्द सामर्थ्य -122

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, दुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 121 का हल

## सू- दोकू क्र.122

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.121 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

## सामयिक चर्चा

### आश्चर्य बाबा पर नहीं, बल्कि अंध भक्तों पर

बानी बोले- ''गजाधर!
आज हम एक विचित्र व हास्यविहिन
बयान पढ़ते है-
हाथरस में दो जुलाई को हुई
भगदड़ में 123 लोगों के मारे जाने के बाद
स्वयं भू भोले बाबा
प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहते हैं-
वो इस घटना के बाद से
बहुत परेशान चल रहे हैं लेकिन
होनी को कोई नहीं टाल सकता
जो इस धरती पर आया है,
उसे एक दिन जाना है।
पर गजाधर! ऐसे असंवेदनसील
बयान जारी करने वाले स्वयंभू
संत नारायण साकार को
उनके लाखों भक्त
उन्हें भगवान समझते हैं।
आप उन्हें क्या कहते है?''
गजाधर मुस्कराए, बोले-''बानी!
हमारे मित्र गृहस्थ गिरधारी कहते हैं-
एक तो वो कांस्टेबल, फिर सस्पेंडेड
पता नहीं वो अपना दिमाग
घुटनों में था कहां रखते हैं
इसलिए बानी! हम भी ऐसे बाबा को
को कुछ नहीं कहते हैं।
वो तो ऊटपटांग कुछ भी
बोलबाल सकते है।
पर हमें तो दुखद आश्चर्य
उन लाखों लोगों पर होता है
जो ऐसे आर्टीफिसियल बाबा पर
अंध श्रद्धा, अंधभक्ति रखते है।''



गिरीश बख्शी

## कविता

### //बिलई//

ठाठ बाट मा बिलई आए।
मेंछा धर के ताव दिखाए।।
झगड़ा झंझट झन होवव तुम।
लइका मन ला बड़ समझाए।।
अनुशासन मा रहना सीखव।
पोठ ज्ञान के गोठ बताए।।
गलत बात हे चोरी करई।
सत के सुग्घर बाट दिखाए।।
आदत ले लाचार बिचारी।
देख मलाई लार बहाए।।
आवय घर मा संझा बिहना।
म्याऊँ म्याऊँ वो चिल्लाए।।



प्रिया देवांगन ''प्रियू''

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज अधिकतम समय आप धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे। आज आपके चारों ओर का वातावरण सुखमय व खुशनुमा बना रहेगा। अगर घर में कोई सुधार संबंधी योजना बन रही है, तो वास्तु संबंधी नियमों का पालन करना आपके लिए लाभदायक रहेगा।

**वृषभ** — आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज व्यक्तिगत मामलों को लेकर कुछ प्लानिंग होगी, साथ ही अनुभवी लोगों के सानिध्य में आपको सकारात्मक अनुभव मिलेंगे। छात्रों को किसी काम में की गई मेहनत के उत्तम परिणाम मिलेंगे।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे। आज सकारात्मक रहने से आप अपने कार्यों को बेहतरीन तरीके से अंजाम देंगे। आज किसी राजनैतिक अथवा प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है।

**कर्क** — आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी बात को लेकर उलझन में रहेंगे, जिसे आप अपने किसी ख़ास मित्र से शेयर भी करेंगे आपको राहत मिलेगी। आज दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करने की बजाय अपने कामों पर ही ध्यान देंगे।आवाजाही से परहेज करेंगे तो बेवजह आपका समय ख़राब नहीं होगा।

**सिंह** — आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है। जिसके लिए आपको ओवर टाईम करना पड़ेगा। आज व्यवस्थित दिनचर्या रखने से हर काम समय पर होगा इससे आप अन्य गतिविधियों की तरफ भी ध्यान देने में सफल होंगे, साथ ही आप खुद को ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे।

**कन्या** — आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज सामाजिक गतिविधियों में आपका योगदान रहेगा, जिससे पहचान का दायरा बढ़ेगा, व्यवहारिक सोच रखने से अपनी कार्यकुशलता में निखार आयेगा।

**तुला** — आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज प्रॉपर्टी अथवा वाहन की खरीदारी से संबंधित कुछ योजनाएं बनायेंगे। कुछ समय आध्यात्मिक कार्यों में बिताएंगे, इससे आत्म बल और सुकून बना रहेगा। आज आपके ससुराल पक्ष से कोई शुभ समाचार सुनने को मिलेगा। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन अच्छे मूड से शुरू होने वाला है। कुछ दिनो से चल रही समस्याएं आज माता-पिता की सलाह से ख़त्म होगी। आज आप दूसरों के मामले में ज्यादा हस्तक्षेप करने से परहेज करेंगे। दोस्तों के साथ मिलकर कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज किसी से लिए उधार से छुटकारा मिलेगा।

**धनु** — आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। आज अधिक कार्यभार की वजह से पूरे दिन व्यस्त रहेंगे। आज बच्चों पर अधिक रोक- टोक ना लगाएं, इससे उनके आत्मबल में कमी आ सकती है।

**मकर** — आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बिजनेस का कोई फैसला जल्दबाजी में न लें। अपने काम करने के तरीको में थोड़ा बदलाव लाने की भी जरूरत है।

**कुंभ** — आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद की गुहार करेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। आज निवेश करते समय किसी अनुभवी की सलाह लेना आपको भविष्य में लाभ दे सकता है। सकारात्मक नजरिया रखने से विपरीत परिस्थितियां अपने आप ही सामान्य हो जाएंगी।

**मीन** — आज परिवार का पूरा साथ मिलेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते हैं वह आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगें। लवमेट आज साथ में समय बितायेंगे। आज कार्यस्थल पर अपनी कार्य प्रणाली में परिवर्तन लाने से स्थिति में कुछ सुधार आएगा। कुछ नए कार्यों के प्रति भी रूचि रहेगी।

# लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचे सांसद पांडे ने बेलगांव की जनता का आभार व्यक्त किया



डोंगरगढ़(दावा)। आयुर्वेदिक ग्राम बेलगांव पहुंचे सांसद संतोष पांडे ने लाखों रूपये के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। सांसद के बेलगांव में आगमन होते ही ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के सरपंच छबिलराम साहू के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया। हाईस्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सांसद श्री पांडे ने 6.50 लाख रूपये की लागत से बने सामुदायिक भवन एवं 6.40 लाख रूपये की लागत से बने प्राथमिक शाला भवन के अतिरिक्त कक्ष और एक लाख रूपये की लागत से बने सांढादेव मंदिर का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने की।

### बेलगांव क्षेत्र की जनता का आभार जताया सांसद ने

स्वागत कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए सांसद ने दूसरी बार की जीत के लिये सभी का आभार व्यक्त किया। श्री पांडे ने आगे कहा कि बोरतलाव पुल बनने, मुसरा रेल्वे स्टेशन के जीर्णोद्धार होने से आम जनों को सुविधा मिली है। प्रधानमंत्री आवास का जिक्र करते हुए श्री पांडे ने कहा कि बेलगांव में 240 के लगभग मकान बन गये हैं व 167 प्रतीक्षा सूची में है। उन्होंने कहा कि हम रहें न रहें विकास होना चाहिए। उन्होंने डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर की पहाड़ी के चारों ओर परिक्रमा हो तथा ऊपर जाया जा सके उसके लिए सड़क निर्माण के लिए वे काफी प्रयासरत हैं।

### आहता निर्माण एवं शिक्षकों की पूर्ति की मांग

ग्राम पंचायत बेलगांव के सरपंच छबिलराम साहू ने प्राथमिक शाला में अहाता निर्माण एवं हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक तथा ग्राम के बाजार चौक में स्थित तालाब जो गंदगी से पटता जा रहा है को ठीक कर बाजार चौक से विक्रम घर तक नाली निर्माण सहित अन्य मांगों पर सांसद के समक्ष रखा। उनकी मांगों पर सांसद ने शीघ्र पूरा होने का आश्वासन दिया तथा अन्य मांगों को विभागों को भेजने की बात कही लेकिन कोई घोषणा नहीं की। सभा को पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, जैन कुमार मेश्राम अध्यक्ष ग्रामीण मंडल ने भी संबोधित किया। उन्होंने सरपंच द्वारा रखी गई बेलगांव की समस्या से अवगत कराते हुए उसे पूर्ण करने का आग्रह किया। इस अवसर पर परविंदर सिंग सांसद प्रतिनिधि, विजेन्द्र सिंग ठाकुर, गोपीलाल शर्मा, मनहरण गोस्वामी, गोपी वर्मा, चंद्रिका यादव, संतोष अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, मुरली गेड़ान, धरमचंद वर्मा, संतोष गीर सहित बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीणजन, शिक्षकजन आदि उपस्थित थे।

# गोटाटोला में आयोजित हुआ जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव, सांसद हुए शामिल



मोहला (दावा)। शिक्षण सत्र 2024- 25 की शुरुआत हो चुकी है। इसलिए शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन ग्राम गोटाटोला में किया गया। गोटाटोला में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में सांसद संतोष पांडे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। प्रवेश उत्सव के दौरान सांसद ने बच्चों को अच्छी पढ़ाई कर उच्च स्थान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सामान्य पानी की अपेक्षा फिल्टर पानी की कीमत अधिक होती है। उसी तरह सामान्य लोगों की अपेक्षा पढ़े लिखे लोगों की कीमत अधिक होती है। शिक्षा सभी वर्ग के लिए अति आवश्यक है।

शाला प्रवेश उत्सव के इस कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को पुस्तक गणेश वितरण किया गया। साथ ही कक्षा 9वी की बालिकाओं को सरस्वती निशुल्क साइकिल योजना के तहत साइकिल दिया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे कार्यक्रम की अध्यक्षता में सरपंच श्रीमति शांता कलामे, विशेष अतिथि मदन साहू, नर्सिंग भंडारी, रमेश हिडामे, खोरबहरा यादव, विजय जैन, कमल तापड़िया, अनिल गुप्ता, योगेंद्र कोडपे, रतनलाल तारम, राजू टांडिया, रामदीन यादव, लखन लाल कलामे, राजेश शर्मा, दुखीराम यादव, भीष्म साहू तथा अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, तीनो बीईओ, बीआरसीसी, प्राचार्य गण, सीएसी, शिक्षक व ग्रामीण उपस्थित रहे।

जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरिया द्वारा प्रतिवेदन वाचन में पूर्व वर्ष में जिले की उपलब्धि को बताया गया। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न विधाओं में जिले का नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया गया तथा बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। ग्रामीणों द्वारा न्योता भोजन भी कराया गया। बोर्ड परीक्षा के टॉप टेन बच्चो को सांसद के हाथों सम्मानित किया गया। ग्रामीणों द्वारा कार्यक्रम की प्रशंसा की गई तथा सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया गया।

## पहला कॉलम...

### शक्ति वाहिनी की महिला बहनों ने किया वृहद वृक्षारोपण




डोंगरगढ़(दावा)। शक्ति वाहिनी द्वारा रेलवे इंस्टिट्यूट परिसर में वृक्षारोपण किया गया। जिसमें आम, आंवला, करंज, बेल गुलमोहर, अमरूद, जामुन एवं अन्य फलदार एवं छायादार लगभग 50 पौधे लगाए गए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक विनोद खांडेकर उनके साथ सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी, संतु राव, प्रिंस कक्कड़ एवं शक्ति वाहिनी की सदस्यों मे प्रमुख रूप से वैशाली देशकर, ज्योति बड़वाईक, नमिता चौबे, सविता साहू, सीमा मिश्रा, अंजू चौधरी ज्योति गौतेल, प्रीति गौतेल, रीना रगड़े, सुनीता बघेल, निर्मला त्रिपाठी, मीना यादव, गीता मानिकपुरी, शारदा भोंडे, सपना, रिया साहू, पूजा उजवने, रमा त्रिपाठी, श्वेता बनौदे सहित बड़ी संख्या में महिला बहने उपस्थित हुई।

### मृतक पुरोहित के परिजन को समिति देगी आर्थिक सहयोग

**बैठक में कालीबाड़ी समिति द्वारा मृतक पुरोहित को दी गई श्रद्धांजलि**



डोंगरगढ़(दावा)। 17 जुलाई को डोंगरगढ़ कालीबाड़ी समिति की आकस्मिक बैठक रखी गई। कालीबाड़ी में कार्यरत पुरोहित विश्वजीत पांडा का विगत दिनों एक सड़क हादसे में दुखद निधन हो गया था। जिस पर कालीबाड़ी समिति द्वारा मूल रूप से मंदिर की व्यवस्था पूजा पाठ एवं इस दुख की घड़ी में पुरोहित स्व. विश्वजीत पांडा के परिवार को कुछ सहायता पहुंचाने पर चर्चा हुई। बैठक में समिति के कोषाध्यक्ष अशोक डे, विश्वजीत राय, कुणाल, सुभाष चंद्र डे, सुमित बोस, सुप्रदिप नाथ, असीम मलिक, अजीत दास तथा अन्य कई लोग उपस्थित थे। बैठक के उपरांत सभी सदस्यों द्वारा दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई।

### जन्मदिन पर कराया गया न्योता भोज



डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम अर्जुनी के पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला में बच्चों को न्योता भोजन कराया गया। न्योता भोज का आयोजन श्रीमती नेहा जैन एकाग्र जैन के जन्मदिन के अवसर पर कराया गया और मिठाई बांटी गई। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व जनपद उपाध्यक्ष दिनेश साहू, विजय जैन, शिव साहू, रवि साहू सहित समस्त शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

### हत्यारे को नहीं तलाश पाई पुलिस, ग्राम देवारीभाठ के नाराज ग्रामीण 20 को करेंगे थाना घेराव



खैरागढ़ (दावा)। हत्यारे को नहीं तलाश पाई पुलिस, ग्राम देवारीभाठ के नाराज ग्रामीण 20 जुलाई को करेंगे खैरागढ़ थाने का घेराव। बीते दो माह पूर्व 19 मई को ग्राम देवारीभाठ के राजेश्वर वर्मा उर्फ उमेश वर्मा की अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर दी गई थी। जिसका पुलिस द्वारा शव पंचनामा उपरांत सिविल अस्पताल खैरागढ़ में पीएम कराया गया था। इस मामले को पुलिस अब तक नही सुलझा पायी है। जबकि पीएम रिपोर्ट में राजेश्वर वर्मा का हत्या होना बताया जा रहा है। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने बताया की नाराज ग्रामीणों ने 8 जुलाई को एसपी कार्यालय पहुंचकर सौपे गये ज्ञापन में ग्रामीणों ने हत्यारे को नहीं ढूंढने पर थाना घेराव व चक्का जाम करने की जानकारी दी गई थी। ग्रामीणों के द्वारा अपने तय कार्यक्रम के अनुसार आगामी शनिवार 20 जुलाई को सुबह 11 बजे बडी संख्या में रैली के रूप में शीतला मंदिर इतवारी बाजार से बक्शीमार्ग, गोलबाजार, मस्जिद चौक होते हुए खैरागढ़ थाना का घेराव करेंगे वहीं सांकेतिक चक्काजाम भी करेंगे।

# ग्राम ठेलकाडीह में हुआ समदा हॉस्पिटल का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण



खैरागढ़ (दावा)। समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल, बसंतपुर, राजनांदगांव द्वारा ग्राम ठेलकाडीह के मॉर्डन पब्लिक स्कूल में समस्त ग्रामवासियों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य परिक्षण किया गया. जिसमें ठेलकाडीह ग्राम के साथ साथ आसपास के लगभग 100 से ज्यादा ग्रामवासियों का भी निशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण किया गया. इस आयोजन मे विशेषरूप से दाँत, मसूड़े, पेट, आंत, हड्डी, महिलाओं से संबंधित सभी रोगों का परीक्षण विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा जांच परिक्षण किया गया. आयोजन मे मुख्यरूप से उपस्थित डॉक्टर रोमिल जैन (गैस्ट्रोसर्जन), डॉ. दीपिका जैन (दंत रोग विशेषज्ञ), डॉ. जय टाँक (मैक्सिल्लो फेसिअल सर्जन), डॉ. मिताली टुवानी (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ), डॉ मयंक जैन (हड्डी रोग विशेषज्ञ) जैसे अनुभवी डॉक्टरों द्वारा निशुल्क परिक्षण किया गया. साथ ही समदा अस्पताल के एडमिनिस्ट्रेटर आशीष युसुफ भी उपस्थित रहे. इसके साथ ही साथ पर्यावरण के दृष्टिकोण से अस्पताल द्वारा स्कूल परिसर मे डॉक्टरों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। इस हेतु समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के संचालक डॉ. रोमिल जैन ने बताया कि इस आयोजन द्वारा ग्रामवासियों एवं आम जनता को स्वास्थ्य लाभ हो यही समदा अस्पताल की प्राथमिकता है. आगामी दिनों मे ऐसे स्वास्थ्य शिविर आगे भी ग्रामीण इलाकों मे आयोजित होते रहेंगे, जिससे आम लोगों को सुविधा दी जा सके.

# किसानों को कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा दी गई आवश्यक समसामयिक सलाह

राजनांदगांव (दावा)। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कृषि मौसम विज्ञान विभाग में ग्रामीण कृषि मौसम सेवा परियोजना अंतर्गत कृषि मौसम सलाह सेवा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों के प्रमुखों द्वारा वर्षा की वर्तमान स्थिति एवं पूर्वानुमान के आधार पर कृषि कार्य हेतु कृषि सलाह एवं आकस्मिक कार्य योजना बनायी गई। किसान कृषि सलाह एवं आकस्मिक कार्य योजना का उपयोग कर कृषि कार्य कर सकते है तथा वर्षा की कमी होने पर होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है।

कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा ने बताया कि वर्तमान स्थिति में छत्तीसगढ़ के मैदानी भाग के जिलों में वर्षा की कमी की परिस्थिति हेतु आकस्मिक कार्य योजना प्रस्तुत की गई। उन्होंने किसानों को सलाह देते हुए कहा है कि जिन खेतों में रोपा नहीं लगाया गया है, वहां वर्तमान स्थिति में धान की कतार बुवाई करें एवं कम व मध्यम अवधि (120-130 दिनों) की धान की किस्में जैसे-विक्रम-टीसीआर, महामाया, एमटीयू-1010 इत्यादि का उपयोग करें। बीज दर सामान्य से 15-20 प्रतिशत अधिक रखें। उच्च भूमि क्षेत्र में धान की जगह मूंग, उड़द, मक्का, तिल एवं अरहर की बुवाई करें। मूंग हेतु शिखा, विराट, पीकेवीएकेएम-4 एवं उड़द हेतु इंदिरा उड़द-1, एनयूएल-7, आईपीयू 11-02, आईपीयू 10-26, आईपीयू 31-01, आईपीयू17-01, टीजेयू-130 इत्यादि किस्मों का चयन करें। जिन खेतों में धान की रोपाई हो चुकी है, वहीं 15-20 दिनों बाद की जाने वाली यूरिया की टॉप ड्रेसिग अभी नहीं करें या विलम्ब से करें। देरी से रोपाई की स्थिति में अधिक अवधि का थरहा होने पर उसकी पत्तियों के ऊपरी भाग को तोड़ कर प्रति हिल 3-4 पौधे लगाये।

रोपाई से पूर्व थरहा को क्लोरोपायरीफॉस 20 ईसी 3-4 मिली एवं 25 ग्राम यूरिया को 1 लीटर पानी में घोलकर 1 घण्टे तक जड़े डुबाकर उपचारित करें, इसके बाद रोपाई करें। जिससे तना छेदक एवं अन्य कीटों से रोकथाम हो सकेगी।

# भागवत वर्मा को मिला प्रदेश महामंत्री का दायित्व

**राष्ट्रीय संगठन छात्र युवा मंच परिवार के प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा**



डोंगरगढ़(दावा)। रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली राष्ट्रीय संगठन छात्र युवा मंच परिवार के प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें भागवत वर्मा को प्रदेश महामंत्री का दायित्व दिया गया। संगठन के 13 वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश संगठक लिकेश्वर सिंन्हा और प्रदेश संयोजक नागेश यदु के मार्गदर्शन व दिशानिर्देश में किया गया ।

देशहित व समाज के प्रति रचनात्मक व सकारात्म कार्यो के माध्यम से रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर अपनी योग्यता व कुशलताओं के आधार पर संगठन के कार्यो व दायित्वों का निर्वहन कड़ी मेहनत, लगन व ईमानदारी से निस्वार्थ भाव से करके संगठन के कार्यो को आगे बढ़ाने और संगठन को प्रदेश स्तर पर अपनी एक अलग पहचान दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले एक छोटे से गांव विष्णुपुर निवासी भागवत वर्मा को आज एक बार पुनः प्रदेश महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है।

### गांव की गलियों से प्रदेश के मुख्य शहरों में रक्तदान के लिए चला रहे हैं अभियान

भागवत वर्मा ने बताया कि 12 जुलाई 2013 अपने स्थापना वर्ष से ही संगठन निरंतर रक्तदान के क्षेत्र में वे कार्य कर रहे है। शुरुआती दौर में संगठन द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित करने में अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता था रक्तदान के प्रति फैली भ्रांतियों के कारण युवा रक्तदान करने से घबराते व हिचकते थे उस समय शिविरों में 15 से 20 युवा ही रक्तदान करने आगे आते थे पर संगठन की निरंतर प्रयास और रक्तदान जागरूकता अभियान के परिणाम से आज वर्तमान में रक्तदाता युवाओं की संख्या में वृद्धि हुई है युवा अब अपने व परिचितों के जन्मदिन, माता-पिता गुरु आदर्श के जन्मदिन धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रमों जैसे विभिन्न शुभ अवसरों के अलावा दशगात्र जैसे कार्यक्रमो में भी रक्तदान शिविरों का आयोजन कर रहे हैं। जन जागरूकता के प्रभाव से आज बड़े-बड़े विशाल रक्तदान शिविरों का आयोजन हो रहा हैं। जिसमें सफलतापूर्वक 150 से 200 युनिट रक्तदान युवा कर रहे हैं जिसका श्रेय संगठन के सभी सदस्यों व पदाधिकारियों के अथक और निरंतर प्रयासों को जाता है जिसके परिणामस्वरूप आज जिले में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित हो रहे हैं और छात्र युवा मंच परिवार को पूरे प्रदेश में रिकॉर्ड 97वां रक्तदान शिविर आयोजित करने का गौरव प्राप्त हुआ है।

### संगठन में दायित्व

संगठन की सदस्यता ग्रहण करने के कुछ सालों बाद ही ग्राम अध्यक्ष के पद से शुरू होकर क्रमशः मोहारा मुड़िया मण्डल अध्यक्ष के पश्चात जिला महामंत्री व जिला उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करने के पश्चात प्रदेश सचिव के पद का दायित्व भी संभाल चुके हैं पिछले सत्र में प्रदेश महामंत्री के पद पर नियुक्त थे जिन्हें इस सत्र में एक बार पुनः प्रदेश महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है।

### इतिहास रचने जा रहा छात्र युवा मंच

22 जनवरी 2025 भगवान श्री रामजी के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पुर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार ऐसा होने जा रहा है कि छात्र युवा मंच के 100वे रक्तदान शिविर में 1000 युवा एक साथ रक्तदान करेंगे।

# घुमका थाना परिसर में वृक्षारोपण किया गया



घुमका (दावा)। गौरव ग्राम घुमका के थाना परिसर में बुधवार को टी आई बसंत बघेल जनपद सदस्य दिलीप पटेल सरपंच फूलमती वर्मा पत्रकार महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह, हिंसा राम वर्मा एवं थाना स्टाफ के मौजूदगी में छाँव दार पौधों का रोपण किया गया। इसके पहले 1 जुलाई को कानून में परिवर्तन की जानकारी देने बैठक पश्चात् तत्कालीन टीआई विनय कुमार पम्मार ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पौधों का रोपण किया। टीआई बघेल ने कहा कि शुद्ध हवा के लिए पेड़ों की होना जरूरी है, इसके लिए सभी को जागरूक किया जाना आवश्यक है।

सरपंच श्रीमति वर्मा ने बताया कि यहां के सभी शासकीय व अर्धशासकीय संस्थाओं में पौधारोपण का कार्य जारी है मंगलवार को शासकीय स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिंदी अंग्रेजी मीडियम स्कूल में छात्र-छात्राओं को एक एक पौधा प्रदान किया गया एवं छात्र-छात्राओं को पौधा लगाने का महत्व एवं मानव जीवन के लिए पेड़ों का होना नितांत आवश्यक है इसकी विस्तार से जानकारी दी गई सरपंच वर्मा ने घुमका क्षेत्र को ऑक्सीजॉन के रूप में विकसित करने का लक्ष्य बताते हुए इस दिशा में कार्य जारी रखे रहने की बात कही।

# मां के नाम एक पौधा योजना कार्यक्रम का आयोजन

**मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के आह्वान पर मां के नाम एक पौधा लगाने की योजना को साकार करने का आह्वान किया गया**




डोंगरगढ़(दावा)। पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ व भाजपा के द्वारा मां के नाम एक पौधा योजना कार्यक्रम रखा गया जिसमें भाजपा कार्यकर्ता पूर्व विधायक रामजी भारती ने वर्तमान परिदृश्य में वृक्षारोपण का महत्व बताया एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान मां के नाम एक पौधा लगाने की योजना को साकार करने का आग्रह किया।

मां के नाम एक पौधा योजना के तहत वृहद वृक्षारोपण किया गया जिसमें रामजी भारती पूर्व विधायक, खेमलाल वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी चंद्रकांत शर्मा मुख्य नगरपालिका अधिकारी, जितेन्द्र वर्मा थाना प्रभारी, उमा महेश वर्मा उपाध्यक्ष नगरपालिका सुनील जैन अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर नीलम चोपड़ा सचिव, सुरेंदर बन्नोआना उपाध्यक्ष जिला भाजपा, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, पार्षदगण राकेश अग्रवाल, हरीश मोटघरे, श्रीमती अनिता इंदुरकर, श्रीमती प्राची सोनी, श्रीमती अल्का सहारे, श्रीमती सविता दरगर, श्रीमती लक्ष्मी यादव, डी. के. एस.राव., कमलेश धमगाए, सौमित्र सोनी, श्याम तिवारी, विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी वीरसिंह यादव, बागवानी प्रमुख प्रदीप सिन्हा, इंजीनियर रितेश स्थापक, विद्यालय के भैया बहिन एवं अनेक गणमान्य नागरिक वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए।

# अपर कलेक्टर ने किया डायरिया प्रभावित ग्राम मुंहडबरी का निरीक्षण




खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल ने खैरागढ़ विकासखण्ड के डायरिया प्रभावित ग्राम मुंहडबरी पहुँचकर गांव की विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर कलेक्टर ने डायरिया रोकने के लिए अधिकारियों को जन जागरूकता के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर घरों को साफ-सफाई रखने, पानी उबाल कर पीने तथा घर के आसपास पानी जमा नहीं रखने की अपील की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम मुंहडबरी में लगाए गए कैप के स्वास्थ्य कर्मियों से चर्चा कर सभी आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने डायरिया की रोकथाम के लिए स्वास्थ अमले को सतर्क रह कर 24 घण्टे मरीजों का इलाज करने एवं अधिक से अधिक संख्या में अधिकारी कर्मचारी की ड्यूटी लगाने कहा और चिकित्सकों को उनका बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को घर-घर जाकर मरीजों का सर्वे करने को भी कहा है। साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों को गंभीर मरीजो को जिला अस्पताल खैरागढ़ रीफर करने के निर्देश दिए है। उन्होंने पीएचई विभाग के अधिकारियों को जल स्रोत की जाँच करने एवं नालियों की साफ सफाई करने के निर्देश दिए है। साथ उन्हें सभी हैंडपंपों में क्लोरीन की दवाई डालने तथा नालियों में ब्लीचिंग पावडर के छिड़काव के निर्देश दिए है। इस अवसर पर एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, सीईओ खैरागढ़ शिशिर शर्मा, बीएमओ खैरागढ़ डॉ विवेक बिसेन सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**डायरिया रोकथाम हेतु अधिकारियों को जन जागरूकता के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के दिए निर्देश**

# पहला कॉलम...

## महिला क्रिकेट स्मृति मंधाना हुई 28 की

नई दिल्ली। भारत में पुरुष क्रिकेट में जो औहदा विराट कोहली का है, ठीक वही दर्जा महिला क्रिकेट में स्मृति मंधाना का है। अपनी बल्लेबाजी और लुक्स के चलते स्मृति फैंस के दिलों पर हमेशा ही राज करती हैं। नेशनल क्रश के नाम से मशहूर ये प्लेयर आज अपना 28वां बर्थडे मना रही हैं। स्मृति मंधाना ने अपने 11 साल के करियर में कई व्यक्तिगत और टीम पुरस्कार जीते हैं। इस स्टार बल्लेबाज ने भारत के लिए 7 टेस्ट, 85 वनडे और 136 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने कुल मिलाकर 7500 से अधिक रन बनाए हैं। भारतीय महिला क्रिकेट की स्टार स्मृति मंधाना आज 18 जुलाई को 28 साल की हो गई हैं। 2013 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने वाली स्मृति अपनी सहज बल्लेबाजी शैली और दबाव की परिस्थितियों में प्रदर्शन करने की क्षमता के कारण जल्द सुर्खियों में आ गईं।



## बल्लेबाज ईशान किशन पहुंचे साईं बाबा के दरबार

नई दिल्ली। भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज ईशान किशन आज अपना 26वां जन्मदिन हैं। उन्होंने अपने जन्मदिन की शुरुआत बेहद ही शानदार तरीके से की। सोशल मीडिया पर अपनी फोटो शेयर कर उन्होंने फैंस का दिल जीत लिया है। जन्मदिन के अवसर पर ईशान किशन भक्ति में डूबे हुए नजर आए। दरअसल, भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बैटर ईशान किशन काफी समय से क्रिकेट मैदान से बाहर चल रहे हैं। साउथ अफ्रीका दौरे पर टीम से हटने के बाद उनकी दोबारा से वापसी नहीं हो सकी है। टीम में वापसी के लिए ईशान काफी ज्यादा बेताब हैं। वह सब कुछ कर रहे हैं। बात चाहें प्रैक्टिस की हो या फिर पूजा-पाठ की, ईशान किसी भी चीज में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें वह साईं बाबा के मंदिर पहुंचकर उनका आशीर्वाद ले रहे हैं। उनकी इस फोटो पर कई फैंस अपने कमेंट्स कर रहे हैं।



## पीएम पर पत्रकार ने उड़ाया मजाक, कोर्ट ने लगाया जुर्माना

रोम। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी का मजाक उड़ाने के मामले में मिलान की एक अदालत ने एक पत्रकार को 5,000 यूरो (5,465) का हर्जाना देने का आदेश दिया है। इससे पहले कोर्ट ने पत्रकार गिउलिया कॉर्टेस को अक्टूबर 2021 में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मेलोनी की लंबाई को लेकर किए गए मजाक के लिए 1,200 यूरो का निलंबित जुर्माना भी लगाया था। अदालत ने इसे बॉडीशेमिंग के रूप में परिभाषित किया था। सोशल मीडिया पर दो महिलाओं के बीच टकराव के बाद मेलोनी ने कॉर्टेस के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। मेलोनी की पार्टी दक्षिणपंथी ब्रदर्स ऑफ इटली उस समय विपक्ष में थी, तब उन्होंने आपत्ति जताई थी। कॉर्टेस ने दिवंगत फासीवादी नेता बेनिटो मुसोलिनी की तस्वीर के साथ उनकी एक नकली तस्वीर प्रकाशित की थी। जिसके बाद कॉर्टेस ने पोस्ट कर लिखा, (जॉर्जिया मेलोनी) आप मुझे डराती नहीं हैं। आखिरकार, आप केवल 1.2 मीटर (4 फीट) लंबी हैं। मैं आपको देख भी नहीं सकता। कॉर्टेस के विवादित पोस्ट के बाद विभिन्न मीडिया वेबसाइटों पर मेलोनी की ऊंचाई 1.58 मीटर और 1.63 मीटर के बीच बताई गई है। कॉर्टेस सजा के खिलाफ अपील कर सकती हैं। इस बीच मेलोनी के वकील ने कहा कि प्रधानमंत्री उन्हें मिलने वाले हर्जाने को दान में देंगी।

## अमेरिका में टी20 वर्ल्ड कप कराना आईसीसी को पड़ा महंगा

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल ने 2024 का टी20 वर्ल्ड कप अमेरिका और वेस्टइंडीज़ की मेज़बानी करवाया था. अमेरिका में पहली बार क्रिकेट का इतना बड़ा इवेंट होस्ट किया गया था. हालांकि को आईसीसी को अमेरिका में टी20 वर्ल्ड कप कराना बहुत महंगा पड़ गया. दरअसल यहां टी20 विश्व कप का आयोजन कराने से आईसीसी को 160 करोड़ से ज़्यादा नुकसान हो गया. अमेरिका में क्रिकेट बढ़ावा देने के लिए यह कदम उठाया गया था, जो असफल साबित हुआ. टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक अमेरिका को टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए होस्ट बनना आईसीसी को बहुत महंगा पड़ गया. आईसीसी ने यहां से 160 करोड़ से ज़्यादा का नुकसान झेला. बता दें कि टी20 वर्ल्ड कप का पहला मैच अमेरिका में ही खेला गया था.

# श्रीलंका के खिलाफ भारतीय स्क्वाड का ऐलान, इन सितारों को प्रदर्शन का नहीं मिला इनाम

नई दिल्ली। सूर्यकुमार यादव को श्रीलंका के खिलाफ भारत की टी20 सीरीज के लिए कप्तान बनाया गया है, जबकि रोहित शर्मा श्रीलंका दौरे के वनडे में टीम की कप्तानी जारी रखेंगे. 27 जुलाई से पल्लेकेले में शुरू होने वाली सीरीज में शुभमन गिल दोनों सफेद गेंद वाली टीमों के उप-कप्तान होंगे.

ऋषभ पंत को टी20 और वनडे दोनों टीमों में शामिल किया गया है, साथ ही शिवम दुबे, मोहम्मद सिराज, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर और खलील अहमद को भी टीम में शामिल किया गया है. जिम्बाब्वे दौरे पर टी20 में पदार्पण करने वाले रियान पराग और हर्षित राणा को पहली बार वनडे टीम में शामिल किया गया है, जिसमें विराट कोहली, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर 50 ओवर की टीम के अन्य सदस्य होंगे. भारत 22 जुलाई को श्रीलंका पहुंचेगा और 27 और 28 जुलाई को लगातार दो टी20 मैचों के साथ अपने दौरे की शुरुआत करेगा, जिसके बाद 30 जुलाई को सीरीज का आखिरी मैच होगा.



ज़िम्बाब्वे के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन करने वाले दो खिलाड़ी अभिषेक शर्मा और ऋतुराज गायकवाड़ को श्रीलंका के खिलाफ स्क्वाड में शामिल नहीं किया गया है, अभिषेक शर्मा ने जिम्बाब्वे के खिलाफ शतकीय पारी खेली थी और वही ऋतुराज ने भी बल्ले से रनों की बरसात की थी. अभिषेक शर्मा और ऋतुराज गायकवाड़ ने अपनी प्रतिभा और प्रदर्शन से क्रिकेट प्रेमियों का ध्यान आकर्षित किया है, लेकिन उन्हें इस बार टीम में जगह नहीं मिली. उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और गेंदबाजी में विविधता ने उन्हें एक संभावित ऑलराउंडर के रूप में उभरे हैं. अभिषेक शर्मा और ऋतुराज गायकवाड़ को इस बार मौका नहीं मिला, लेकिन उनके प्रदर्शन को देखते हुए भविष्य में उन्हें टीम में शामिल किए जाने की संभावनाएं बनी रहेंगी.

2, 4 और 7 अगस्त को तीन वनडे मैच कोलंबो के आर. प्रेमदासा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे. श्रीलंका का दौरा गौतम गंभीर की भारत के मुख्य कोच के रूप में पहली सीरीज है, इससे पहले राहुल द्रविड़ ने पिछले महीने वेस्टइंडीज में 2024 टी20 विश्व कप जीतकर अपना कार्यकाल समाप्त किया था. बीसीसीआई ने कहा कि वह आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2024-25 में खिलाड़ियों की उपलब्धता और भागीदारी पर नजर रखना जारी रखेगा.

*टी20 टीम*- सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, खलील अहमद, मो. सिराज.

*वनडे टीम*- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद, हर्षित राणा.

# जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए आयरलैंड ने टीम का किया एलान

**नई दिल्ली। आयरलैंड ने जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के लिए टीम का एलान कर दिया। राष्ट्रीय चयनकर्ता एंड्रयू व्हाइट ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में 14 सदस्यीय टीम की पुष्टि की। टीम की कप्तानी एंड्रयू बालबर्नी को कप्तान बनाया गया है। स्पिनर मैथ्यूज हम्फ्रीज और गेविन होए को भी टीम में शामिल किया गया है।**




व्हाइट ने ICC के हवाले से कहा, हम्फ्रीज ने श्रीलंका में अपना टेस्ट डेब्यू किया और उपमहाद्वीप में अच्छे खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना उनके लिए मुश्किल था। वह खुद स्वीकार करेंगे कि वह फॉर्म में गिरावट और शायद आत्मविश्वास में कमी के दौर से गुजरे, लेकिन उन्होंने वापसी करने के लिए बहुत मेहनत की है। व्हाइट ने आगे कहा, %होए एक प्रतिभाशाली लेग स्पिनर हैं और गेंद को दोनों तरफ स्पिन करने की उनकी क्षमता हमें विकेट दिलाने में मदद करती है। फिर से, वह एक ऐसा खिलाड़ी है जो कुछ समय से नजर में हैं और तीनों प्रारूपों में खेल सकता है।

गौरतलब हो कि इस साल मार्च में आयरलैंड ने इतिहास रच दिया, जब उन्होंने पूर्ण टेस्ट टीम का दर्जा प्राप्त करने के बाद से अपनी पहली जीत दर्ज की। आयरलैंड ने संयुक्त अरब अमीरात में अफगानिस्तान को छह विकेट से हराया था। जिम्बाब्वे के खिलाफ यह उत्तरी आयरलैंड में आयोजित होने वाला पहला टेस्ट होगा और लगभग सात वर्षों में उनका दूसरा घरेलू टेस्ट होगा।

# मेसी से माफी की मांग करने पर अर्जेंटीना का खेल अवर सचिव बर्खास्त

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना ने खेल के अवर सचिव जूलियो गैरो को गुरुवार को बर्खास्त कर दिया है, क्योंकि उन्होंने अपनी टीम की कोपा अमेरिका जीत के जश्न के दौरान कथित नस्लवादी नारे लगाने के लिए राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कप्तान लियोनेल मेसी से माफी की मांग की थी।

अर्जेंटीना की कोपा अमेरिका खिताब जीत के बाद, एंज़ो फर्नांडीज द्वारा इंस्टाग्राम पर साझा किये गए टीम बस में उनके जश्न का एक वीडियो वायरल हो गया, जिसमें खिलाड़ियों को फ्रांसीसी खिलाड़ियों के अफ्रीकी मूल का मजाक उड़ाते हुए सुना गया। हालांकि, फर्नांडीज ने बाद में सोशल मीडिया पर माफी मांगते हुए कहा कि वह हमारे जश्न के उत्साह में फंस गए थे। उन्होंने कहा, गाने में बेहद आपत्तिजनक भाषा शामिल है और इन शब्दों के लिए बिल्कुल भी कोई बहाना नहीं है।



नस्लवादी नारे मामला

इसके अलावा, वीडियो वायरल होने के बाद खेल अवर सचिव ने मेसी और अर्जेंटीना फुटबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष क्लाउडियो फैबियन तापिया से माफी की मांग की। गैरो ने बुधवार को रेडियो स्टेशन अर्बाना प्ले को बताया, मुझे लगता है कि मेसी को सामने आना चाहिए और उचित माफी मांगनी चाहिए, जैसा कि अर्जेंटीना फुटबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष (क्लाउडियो चिक्की तापिया) को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वीडियो अर्जेंटीना की एक देश के रूप में खराब छवि पेश करता है। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली के कार्यालय ने गुरुवार को एक्स पर पोस्ट किया कि गैरो को उनके पद से हटा दिया गया है।

## शॉपिंग मॉल में आग लगने से 16 लोगों की मौत

बीजिंग। चीन के दक्षिण पश्चिम शहर जिगोंग के शॉपिंग सेंटर में आग लग गई है। इस घटना में 16 लोगों की मौत हो गई। ऑफिशियल न्यूज एजेंसी शिन्हुआ से मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम 6 बजे के बाद 14 मंजिला कॉमर्शियल बिल्डिंग में आग लगने की सूचना मिली। फायर ब्रिगेड और बचाव कर्मियों की टीम लोगों को बाहर निकलने की कोशिश में जुटी हुई है। बचाव कर्मी की ये टीम सुबह 3 बजे तक लोगों को बचाने की कोशिश में लगे रहे।

चीन की हाईटेक 14 मंजिला इमारत के निचले हिस्से में पड़ते शॉपिंग सेंटर में ये आग लगी है। आग लगने से आसपास के क्षेत्र में धुआं फैल गया। अभी पता नहीं चल पाया है कि आग किस कारण से लगी या आग लगने के समय बिल्डिंग में कितने लोग थे। शुरुआती जांच में ये बात सामने आई है कि आग लगने की वजह कंस्ट्रक्शन का काम था, हालांकि अभी तक इसको लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

# दर्द को काबू कर ज्वेरेव ने जेस्पर डी जोंग को हराया

हैम्बर्ग(जर्मनी)। विंबलडन में बुरी तरह गिरने के कारण बाएं घुटने में दर्द से जूझ रहे जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने हैम्बर्ग ओपन के पहले दौर में जेस्पर डी जोंग को बुधवार को सीधे सेटों में हराकर आसान जीत दर्ज की।



विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी, जिन्होंने ग्रास-कोर्ट मेजर में कैमरून नोरी पर तीसरे दौर की जीत में फिसलने के दौरान गिरने के कारण अपना घुटना चोटिल कर लिया था, ने अपनी पहली सर्विस पर केवल सात अंक गंवाए और जेस्पर डी जोंग पर 6-2, 6-2 से जीत में उन्हें एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा। ज्वेरेव, जिनके घुटने की हड्डी में सूजन है और कैप्सूल फट गया है ने कहा,मैं आज सुबह भी अनिश्चित था कि मैं खेलूंगा या नहीं और वार्म-अप के दौरान, मैं काफी दर्द में था। एटीपी टूर ने बुधवार को एक रिपोर्ट में उनके हवाले से कहा, लेकिन किसी तरह जब मैं इस कोर्ट पर कदम रखता हूं तो एड्रेनालाईन बढ़ने पर यह थोड़ा गायब हो जाता है।

उसने कहा, मुझे एक चोट है जहां मुझे पता है कि मैं कहां खड़ा हूं, और इसे ठीक होने में समय लगेगा। यह अगले कुछ दिनों में ठीक नहीं होगा, इसमें कई हफ्ते लगेंगे और यह मुझ पर निर्भर है कि मैं उस तरह खेल पाऊंगा या नहीं। विंबलडन में अपने चौथे दौर की दौड़ से जर्मनी में घरेलू धरती पर क्ले में सफल बदलाव करते हुए, गत चैंपियन ने सीज़न की अपनी 41वीं मैच जीत हासिल की और इस सीज़न के पहले दौर में 12-1 से सुधार किया।

# महिला एशिया कप : पाकिस्तान के मुकाबले भारत का पलड़ा रहेगा भारी

दाम्बुला। भारत और पकिस्तान की पुरुष टीमों के बीच मुकाबले का सभी को इंतजार रहता है लेकिन अब दोनों देशों की महिला टीमें एशिया कप 2024 के बहुप्रतीक्षित मुकाबले में शुक्रवार को टूर्नामेंट के पहले दिन ही दांबुला में आमने-सामने होंगी।

भारत ने पिछले एक वर्ष में 17 टी20 अंतर्राष्ट्रीय खेले हैं। जिसमें उसे 10 में जीत और पांच में हार मिली है जबकि दो मैच बेनतीजा रहे हैं। भारत ने इस दौरान श्रीलंका को फ़ाइनल में 19 रनों से हराते हुए एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल भी हासिल किया था। इसके बाद भारत को इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ लगातार दो घरेलू श्रृंखलाओं में हार का सामना करना पड़ा लेकिन इसके बाद भारत ने बांग्लादेश को उसके घर में 5-0 से पटखनी दी। हाल ही में हुई दक्षिण अफ़्रीका के ख़िलाफ़ तीन टी20 मैचों की श्रृंखला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुई जबकि एक मैच बारिश की भेंट



चढ़ गया।

इस अवधि में पाकिस्तान ने भारत से अधिक टी20 (19) खेले हैं। हालांकि इसमें उन्हें सिर्फ़ सात में ही जीत हासिल हुई है जबकि 12 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। एशियन गेम्स से पहले पाकिस्तान ने घर पर दक्षिण अफ़्रीका को 3-0 से हराया था। एशियन गेम्स पाकिस्तान के लिए कुछ अधिक ख़ास नहीं रहा। पाकिस्तान सेमीफ़ाइनल तक तो पहुंचा लेकिन वहां उन्हें श्रीलंका के हाथों हार का सामना करना पड़ा और इसके बाद कांस्य पदक वाले मैच में उन्हें बांग्लादेश के हाथों हार झेलनी पड़ी। इसके बाद पाकिस्तान को बांग्लादेश में टी20 श्रृंखला हारनी पड़ी और वेस्टइंडीज़ में भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा। न्यूज़ीलैंड में पिछले साल उन्होंने 2-1 से श्रृंखला ज़रूर अपने नाम की थी।

अब तक दोनों टीमों के बीच 14 मैच खेले गए हैं, जिसमें भारत को 11 में जीत मिली है। टी 20 वर्ल्ड कप 2016 में दिल्ली में खेले गए मैच में भारत को पाकिस्तान से दो रनों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। यह उन तीन मैचों में से एक मैच था जब भारत को पाकिस्तान के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। यह इकलौता ऐसा मैच भी था जो इन दोनों टीमों ने एक दूसरे के देश में अब तक खेला है। स्मृति मंधाना और शेफ़ाली वर्मा के रूप में भारत के पास एक विध्वंसक सलामी जोड़ी है।

## डोपिंग के संदेह में पोलिश कैनोइस्ट बोरोस्का पेरिस ओलंपिक से चूकेंगी

वारसॉ,। पोलिश कैनो फेडरेशन ने कहा है कि डोपिंग रोधी नियमों के कथित उल्लंघन के कारण स्प्रिंट कैनोइस्ट डोरोटा बोरोस्का को 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए पोलैंड की टीम से वापस ले लिया गया है।

28 वर्षीय ने जून में हंगरी के सेज्ड में 2024 ईसीए कैनो स्प्रिंट यूरोपीय चैंपियनशिप में महिलाओं की सी1 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।

रिपोर्ट के अनुसार, बोरोस्का को ओलंपिक खेलों में पोलैंड की पदक उम्मीदों में से एक के रूप में देखा गया था।

पोलिश कैनो फेडरेशन (पीसीएफ) ने एक बयान में कहा, हम खेल में शुद्धता का समर्थन करते हैं और प्रतिबंधित डोपिंग पदार्थों के उपयोग की कड़ी निंदा करते हैं। हम संबंधित डोपिंग रोधी अधिकारियों के साथ पूर्ण सहयोग की भी घोषणा करते हैं। हालांकि, हम एथलीट के अपराध को पूर्वाग्रह से ग्रस्त नहीं करते हैं और हमारा मानना है कि हर किसी को निष्पक्ष ट्रायल का अधिकार है। जून में बोरोस्का से लिए गए एक नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ पाया गया था। एथलीट अंतर्राष्ट्रीय कैनो फेडरेशन के फैसले के खिलाफ अपील कर सकता है, जिसने पेरिस 2024 के लिए उसकी योग्यता को निलंबित कर दिया है। पीसीएफ ने कहा, एथलीट के कोचिंग स्टाफ से हमें जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार वह इस अधिकार का प्रयोग करना चाहती है।

# प्रथम पेज का शेष

***मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय ....***

बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओपी चौधरी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद, राहुल भगत, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ कमलप्रीत सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी और भारत सरकार के अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति एवं सुदूर आदिवासी वनांचलों को मुख्य मार्गों से जोड़ने के लिए नए राष्ट्रीय राजमार्ग का प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री ने रायगढ़-धरमजयगढ़-मैनपाट-अंबिकापुर-उत्तरप्रदेश सीमा तक कुल 282 किमी तक के मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग की है। साय ने बताया यह मार्ग प्रदेश के चार जिलों से होकर गुजरता है एवं धार्मिक नगरी अयोध्या से छत्तीसगढ़ राज्य को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है।

साय ने आज नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। संसद भवन में आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य और केंद्र के बीच समन्वय और सहयोग को बढ़ावा देना था। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें विशेष रूप से राज्य के बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं और आगामी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया।

***बीजापुर में नक्सलियों ने किया आईईडी ...***

कोबरा और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम के द्वारा इस इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया गया और सर्च ऑपरेशन के दौरान 17 जुलाई की शाम सुरक्षाबलों के वापसी पर बीजापुर जिले के तर्रेम इलाके में नक्सलियों ने जवानों को नुकसान पहुंचाने पाइप बम लगा रखा था। इसके बाद नक्सलियों ने इस आईईडी को ब्लास्ट किया और इससे मौके पर ही एसटीएफ के दो जवान शहीद हो गए और चार जवान घायल हो गए, एसपी ने बताया कि घटना के बाद मौके पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स को भेजा गया है और घायल एसटीएफ के जवानों को तुरंत इलाज के लिए पुलिस कैंप से बीजापुर जिला अस्पताल लाया गया है जहाँ से हेलीकॉप्टर की मदद से रायपुर भेजने की तैयारी की जा रही है।

***उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा बोले...***

उन्होंने कहा, 'हम कई पहलुओं पर काम कर रहे हैं और व्यापक दृष्टिकोण अपना रहे हैं। हम नक्सलियों के साथ बिना शर्त बातचीत के लिए तैयार हैं। बातचीत होनी चाहिए। हम फोन पर या वीडियो कॉल के जरिए भी बात कर सकते हैं। मैंने फीडबैक के लिए गूगल फॉर्म भी जारी किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राज्य के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने वाली विदेशी शक्तियों को पूरी तरह से 'उन्मूलन' कर देगी।

***गोंडा में पटरी से उतरे चंडीगढ़...***

दुर्घटनास्थल राजधानी लखनऊ से करीब 150 किलोमीटर दूर है। दुर्घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीणों ने पलटे एसी कोच के शीशे तोड़कर अंदर फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। कुछ ही देर में एसडीआरएफ, पुलिस व आरपीएफ के जवानों ने भी मोर्चा संभाल लिया। पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर ने घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने दो रेल यात्रियों की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतकों की शिनाख्त की जा रही है। वहीं, देर रात एक और मौत की पुष्टि हुई। हादसे में 34 रेल यात्री घायल हुए हैं, जिनमें दो की हालत गंभीर है। 26 घायलों को मनकापुर सीएचसी व तीन अन्य को सीएचसी काजीदेवर में भर्ती कराया गया। नौ घायलों को गोंडा मेडिकल कॉलेज भेजा गया। पूर्वोत्तर रेलवे ने जानकारी दी है कि पटरी से उतरी ट्रेन में फंसे यात्रियों को बस से गोंडा के पास मनकापुर स्टेशन लाया जा रहा है। उनके लिए मनकापुर से डिब्रूगढ़ तक रास्ते में स्टॉपेज के साथ एक विशेष ट्रेन की व्यवस्था की गई है।

सौ किमी थी रफ्तार- 24 कोच वाली ट्रेन के इंजन के बाद एसी के छह कोच लगे थे, जिनमें दो कोच पटरी से उतरकर पलट गए। इसके बाद एसी के चार अन्य कोच भी पलट गए। विभागीय सूत्रों के अनुसार हादसे के समय ट्रेन की रफ्तार करीब सौ किमी प्रतिघंटे से अधिक थी।इ

***'सीएम योगी को पांच दिनों में बम से उड़ा दूंगा.***

आरोपी को पकड़ने के लिए सर्विलांस, एसओजी और पुलिस की टीम बनाई गई। टीम ने युवक को ट्रेस कर चंद घंटों में ही गिरफ्तार कर लिया। सरायइनायत के अमर्सापुर मलावा बुजुर्ग गांव निवासी अनिरुद्ध पांडेय को थाने लाया गया। पुलिस ने अनिरुद्ध से पूछा कि आखिर उसने सीएम योगी को धमकी क्यों दी। उसने कहा कि वह जल्दी प्रसिद्ध होना चाहता था। पुलिस ने अनिरुद्ध के मोबाइल की जांच की, जिसमें यह सामने आया कि वह धमकी देने के तरीके को यूट्यूब पर सीख रहा था। डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती ने कहा कि आरोपी झूंसी के एक निजी कॉलेज से एलएलबी कर रहा है। वह द्वितीय वर्ष का छात्र है। मामले की जांच की जा रही है, लेकिन पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने प्रसिद्ध होने के लिए ऐसा किया है।

***असम सरकार ने रद्द किया मुस्लिम विवाह***

लिए राज्य से लाइसेंस प्राप्त करने का अधिकार दिया गया था। यह लाइसेंस केवल मुस्लिम रजिस्ट्रार द्वारा जारी किए जा सकते हैं, जो सरकारी कर्मचारी हो सकते हैं। अधिनियम में मुसलमानों के निकाह और तलाक से संबंधित आवेदन की प्रक्रिया और प्रावधानों का विस्तार से उल्लेख है।

***बिलासपुर में नाइट लैंडिंग का रास्ता साफ ...***

डीवीओआर आदि उपकरणों के स्थापना की प्रक्रिया शुरू करे। सेना के कब्जे वाली जमीन एयरपोर्ट को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया लंबित रहने पर कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया और जिला प्रशासन के उस पत्र को स्वीकार किया, जिसमें पटवारी हड़ताल और बारिश को सीमांकन ना हो पाने का आधार बनाया गया था। कोर्ट ने कहा कि एयरपोर्ट की भूमि कोई कृषि भूमि नहीं है और भू-राजस्व संहिता के हिसाब से तहसीलदार और अन्य राजस्व अधिकारी भूमि का सीमांकन कर सकते हैं। कोर्ट ने 29 जुलाई को सीमांकन प्रारम्भ करने और दो सप्ताह में पूरा करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने बाउंड्री वॉल तोड़ने की अनुमति अभी तक नहीं मिलने पर ब्यूरो ऑफ़ सिविल एविएशन सिक्योरिटी को नोटिस भी जारी किया है।

# श्रीजा अकुला और मनिका बत्रा टेबल टेनिस की टॉप सीडेड खिलाड़ी बनी

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक 2024 में अब आठ दिन से भी कम समय बचा है. देश-विदेश के एथलीट इसकी तैयारियों में जुटे हुए हैं. भारतीय एथलीट भी अपना शानदार खेल दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. ऐसे में भारतीय टेबल टेनिस टीम से जुड़ी एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है, जिसके बाद पदक की उम्मीदें और बढ़ गई हैं. दरअसल, श्रीजा अकुला और मनिका बत्रा टेबल टेनिस की टॉप सीडेड खिलाड़ी बन गई हैं. इंटरनेशनल टेबल टेनिस फेडरेशन ने मंगलवार को सभी खिलाड़ियों की सीड लिस्ट का ऐलान कर दिया है. पुरुष और महिला सिंगल स्पर्धा में कुल 67 खिलाड़ियों को सीड दी गई है, वहीं टीम इवेंट में 16-16 टीमों को चुना गया है. जिसमें श्रीजा को 16वीं और मानिका को 18वीं सीड प्राप्त हुई है. पांचवीं बार ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय पुरुष खिलाड़ी शरथ कमल को पेरिस ओलंपिक में 24वीं सीड प्राप्त हुई है. भारतीय पुरुष टीम को पेरिस 2024 में 14वीं सीड प्राप्त हुई है.



पिछले महीने ही श्रीजा अकुला ने अपने करियर की बेस्ट 24वीं रैंक हासिल कर ली थी. इस उपलब्धि के साथ ही उन्होंने मानिका बत्रा को पीछे छोड़ दिया और भारत की नंबर 1 महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गईं. 25 साल की श्रीजा अकुला दो बार राष्ट्रीय चैंपियन भी रह चुकी हैं. वर्ल्ड नंबर 28 मानिका बत्रा को पेरिस ओलंपिक में श्रीजा से सिर्फ दो स्थान नीचे सीड दी गई है. राष्ट्रीय कौशल और शानदार प्रदर्शन के दम पर मानिका बत्रा पहले ही कई उपलब्धियां हासिल कर चुकी हैं. वह कॉमनवेल्थ गेम्स की चैंपियन रह चुकी हैं. मई में उन्होंने सऊदी स्मैश महिला एकल स्पर्धा में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई. ऐसा करने वाली वह भारत की पहली टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं. गौर करने वाली बात यह है कि मानिका लगातार तीसरी बार ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी.

इस बार ओलंपिक में पहली बार भारत की टीम टेबल टेनिस स्पर्धा में भी भाग लेगी. टीम स्पर्धा में चारों सिंगल खिलाड़ियों के साथ मनोज ठक्कर (पुरुष टीम) और अर्चना कामथ (महिला टीम) भी शामिल होंगे. पुरुष और महिला दोनों टीम स्पर्धाओं को बीजिंग 2008 ओलंपिक में ही शामिल किया गया था.

# ओलंपिक मशाल किसका प्रतीक है? हिंदू धर्म में किस बात को दर्शाता है



ओलंपिक खेलों में मशाल जलाने की परंपरा काफी पुरानी है. ओलंपिक खेल की शुरुआत मशाल जलाने के साथ होती है, जिसे ग्रीस में जलाया जाता है. ग्रीस में जलाए इस मशाल को एक मशालवाहक से दूसरे मशालवाहक तक पहुंचाया जाता है और अंत में यह उस शहर में पहुंचता है, जहां खेल का आयोजन हो रहा हो.

जैसा कि इस बार 2024 में ओलंपिक खेल का आयोजन फ्रांस के पेरिस में होगा. बता दें खेलों के महाकुंभ ( ओलंपिक का आयोजन हर चार वर्ष में होता है. इस बार 26 जुलाई से पेरिस में इसकी शुरुआत होगी और 11 अगस्त 2024 को ओलंपिक खेल का समापन होगा.

बता दें कि पेरिस ओलंपिक 2024 के मशाल रिले के लिए पहली मशाल 16 अप्रैल 2024 को प्राचीन परंपरा के अनुसार ग्रीस के ओलंपिया के अभयारण्य में आयोजित समारोह के दौरान सूर्य की किरणों से जलाई गई. इस स्थान पर प्रचानी खेल अयोजित किए जाते थे.

यूनान के प्राचीन ओलंपिया में ओलंपिक मशाल प्रज्जवलित किए जाने के बाद जुलाई में होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों की औपचारिक शुरुआत रंगारंग और पारंपरिक समारोह के साथ होगी. लेकिन क्या आप जानते हैं ओलंपिक खेलों में मशाल क्यों जलाई जाती है, ये कितनी पुरानी प्रथा है और यह किस बात का प्रतीक है. आइये जानते हैं इसके बारे में-

क्यों जलाई जाती है ओलंपिक मशाल

ओलंपिक खेलों में मशाल जलाने की परंपरा काफी पुरानी है. इसे सूर्य की किरणों से जलाया जाता है. इसका कारण यह है कि प्राचीन धार्मिक मान्यता अनुसार सूर्य की किरणों को बहुत पवित्र माना जाता था. इसलिए प्राचीन समय से ही सूर्य की किरणों से मशाल जलाकर खेलों की शुरुआत की जाती थी. आधुनिक समय में भी ओलंपिक खेल में इसी तरह से मशाल जलाया जाता है.

**ओलंपिक में मशाल जलाने की धार्मिक परंपरा**

ओलंपिक मशाल को प्राचीन समय की तरह आज भी ग्रीस के हेरा मंदिर में प्राचीन कालीन समारोह में पुराने तरीके से जलाया जाता है. मशाल जलाने के लिए हेरा मंदिर के अवशेष के पास ग्रीक पुजारियों की वेशभूषा में अभिनेत्रियां दर्पण (पैराबोलिक कांच) और सूर्य (स्ह्वह्म्4इ) की किरणों का इस्तेमाल करती हैं.

**ओलंपिक मशाल क्या है**

ओलंपिक मशाल वह मशाल है जिसे ढ्ढह्रष्ट के अधिकारों के तहत जलाया जाता है. ओलंपिक का मशाल उन सकारात्मक मूल्यों की अभिव्यक्ति है जिसे मनुष्यों ने हमेशा अग्नि के प्रतीकवाद के साथ जोड़ा है. इस तरह से मशाल प्राचीन और आधुनिक खेलों के बीच की कड़ी बनाता है.

ओलंपिक खेलों के उद्घाटन से कुछ समय पूर्व ग्रीस के ओलंपिया शहर में एक मशाल जलाई जाती है. ओलंपिया वह प्राचीन स्थान है जो प्राचीन ओलंपिक खेलों के इतिहास से जुड़ा है. ओलंपिया से मशाल जलाने के बाद इसे मेजबान शहर तक ले जाया जाता है.

ओलंपिक मशाल ओलंपिक खेलों में सबसे महत्वपूर्ण प्रतीकों में एक माना जाता है. ओलंपिक मशाल को आशा, शांति और एकता का प्रतीक माना जाता है. ओलंपिक मशाल जलाने का अर्थ है ओलंपिक खेलों की शुरुआत करना.

ओलंपिक मशाल या किसी भी तरह का मशाल हर तरह से प्रतीकात्मक हैं. अग्नि को अलग-अलग संस्कृतियों में ज्ञान और जीवन का प्रतीक माना जाता है. क्योंकि इसके बिना मानव जीवन का विकास वैसा नहीं होता जैसा है. यह भी कहना गलत नहीं होगा कि, अग्नि के बिना मानव जीवन संभव नहीं होता. ओलंपिक मशाल के लिए जलाई गई ज्योति भी इससे अलग नहीं है. यह जीवन और अत्मा के प्रकाश और ज्ञान की खोज का प्रतीक है.

हिंदू धर्म में मशाल किस बात को दर्शाता है

अग्नि, वायु, जल, आकाश और पृथ्वी. सृष्टि के इन पांच तत्वों में हिंदू धर्म में अग्नि का सबसे अधिक महत्व बताया जाता है. क्योंकि यह प्रभावशाली होने के साथ ही विनाशकारी शक्ति भी है. यह ऊर्जा, ताप और प्रकाश का प्रतीक है.

हिंदू धर्म शास्त्रों में अग्नि के 49 प्रकार बताए गए हैं. इनमें हर कार्य के लिए अग्नि का विशेष स्थान होता है.

ओलंपिक के लिए जो मशाल जलाई जाती है वह एक देश से दूसरे देश भेजा जाता है. इस तरह से दुनियाभर के एथलीट इसे अपने साथ ले जाते हैं. जोकि एकता और सद्भावना को दर्शाता है.

# कांवड़िये क्यों बोलते हैं 'बोल बम-बम भोले'



सावन का महीना शुरू होते ही कांवड़ यात्रा का आरंभ होती है. कांवड़िए इस पूरे महीने पैदल यात्रा कर कांवड़ में जल भरकर लाते हैं, कांवड़ यात्रा में बोल बम का नारा क्यों लगाते है, आइए जानें.

इस साल कांवड़ यात्रा 22 जुलाई 2024 से शुरू होगी. श्रावण के पूरे महीने कांवड़िए महादेव को प्रसन्न करने के लिए मीलों पैदल चलकर यात्रा करते हैं और कांवड़ में गंगा नदी से जल भरकर लाते हैं और सावन शिवरात्रि पर उस जल से अभिषेक करते हैं.

कांवड़ यात्रा में बोल बम-बम भोले का नारा चारों और गूंजता है. मान्यता है कि बोल बम नारा लगाने से यात्रा कष्टमय नहीं होती. भोलेनाथ कांवड़ियों की यात्रा मंगलमय करते हैं.

बोल बम में बम शब्द ब्रह्मा, विष्णु, महेश एवं ओमकार का प्रतीक माना गया है. बोलबम सिद्ध मंत्र है. इसे बोलने से श्रद्धालु के शरीर में एक नई ऊर्जा का संचार होता है, जो भक्तों को शक्ति प्रदान करता है. कहते हैं कि जब हनुमान जी को शक्ति की आवश्यकता होती थी तो वो राम नाम का जाप करते थे उसी तरह कांवड़िए थका हुआ महसूस करते हैं या फिर दूसरे कांवड़ियों में जोश भरना होता है तो वह बोल बम का जयकारा लगाते हैं.

2 अगस्त 2024 को सावन शिवरात्रि है इस दिन कांवड़िए कांवड़ में जो जल भरकर लाते हैं उसके जलाभिषेक करते हैं.

इस साल सावन 19 अगस्त 2024 तक रहेगा. ऐसे में इस बार 5 सावन सोमवार आएंगे. सावन सोमवार, सावन प्रदोष व्रत, सावन शिवरात्रि पर महादेव को प्रसन्न करने के लिए बेलपत्र अर्पित करें, जलाभिषेक करें.



# सावन का महीना और सावन का पहला सोमवार कब है?



जानें सावन हिंदू कैलेंडर का पांचवां महीना होता है. इसे श्रावण भी कहते हैं. सावन मास भगवान शिव का प्रिय महीना माना गया है. धार्मिक मान्यता अनुसार सावन के पूरे एक महीने तक भगवान भोलेनाथ धरती पर निवास करते हैं. इसलिए सावन में शिव जी की पूजा, जलाभिषेक करने से सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती है. खासकर सावन के हर सोमवार पर पूजन का विशेष महत्व है. महादेव के भक्तों को हर साल सावन का इंतजार रहता है, आइए जानते हैं इस साल सावन 2024 में कब से शुरू होगा, कितने सावन सोमवार आएंगे.

2024 में सावन कब से शुरू होगा

इस साल सावन का महीना 22 जुलाई 2024, सोमवार से शुरू हो रहा है. इसका समापन 19 अगस्त 2024, सोमवार को होगा. साल 2024 में सावन की शुरुआत और समाप्ति दोनों ही सोमवार से हो रही है, जिससे इसका महत्व दोगुना हो गया है. इस बार सावन 2024 में पांच सोमवार और चार मंगला गौरी व्रत आएंगे. सावन माह महत्व शास्त्रों में वर्णन है कि जब चातुर्मास में भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं तब महादेव ही सृष्टि का पालन करते हैं. शिव पुराण के अनुसार सावन चातुर्मास का पहला महीना होता है, जिसके अधिपति शंकर जी है. इस दौरान भोलेनाथ पृथ्वी पर वास कर अपने भक्तों के दुख, कष्ट दूर करते हैं. मारकण्डेय ऋषि ने लंबी आयु के लिए सावन माह में ही घोर तप कर शिव जी की कृपा प्राप्त की थी, जिससे दीर्घायु का वरदान मिला. यही कारण है कि सावन में शिव पूजा करने वालों के समस्त संकट दूर हो जाते हैं. सुख, समृद्धि, सफलता, लंबी आयु, धन, सुखी वैवाहिक जीवन, अच्छा जीवनसाथ प्राप्त होता है. मृत्यु के बाद व्यक्ति जन्म-मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है. सावन में शिव संग गौरी पूजन सावन में 16 सोमवार व्रत शुरू करने का विधान है इसके अलावा इस महीने के हर मंगलवार का भी विशेष महत्व है. सावन के मंगलवार भोलेनाथ की शक्ति मां गौरी को समर्पित है, इन्हें मंगला गौरी व्रत कहा जाता है. इस दिन विवाहिता पति की सलामती और कुंवारी लड़कियां अच्छे वर की प्राप्ति के लिए व्रत करती हैं.

**सावन 2024 शिव पूजा की महत्वपूर्ण तिथियां तारीख तिथियां**

1 अगस्त 2024 गुरु प्रदोष व्रत (कृष्ण) 2 अगस्त 2024सावन
4 अगस्त 2024 सावन अमावस्या
शिवरात्रि 9 अगस्त 2024
नाग पंचमी 17 अगस्त 2024
शनि प्रदोष व्रत (शुक्ल) 19 अगस्त
2024 सावन पूर्णिमा

# गुरु प्रदोष व्रत, पूजन विधि, शुभ मुहूर्त और उपाय

भगवान शिव को समर्पित गुरु प्रदोष व्रत मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए मंगलकारी माना जाता है. प्रदोष व्रत जब गुरुवार के दिन पड़ता है तो इसे गुरु प्रदोष व्रत कहा जाता है.

भगवान शिव को समर्पित ये तिथियां मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए मंगलकारी मानी जाती हैं. प्रदोष व्रत जब गुरुवार के दिन पड़ता है तो इसे गुरु प्रदोष व्रत कहा जाता है. आज गुरु प्रदोष व्रत है.

गुरु प्रदोष व्रत की तिथि हिंदू पंचांग के अनुसार, आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि 18 जुलाई 2024 की रात 8 बजकर 44 मिनट पर शुरू होगी और इस तिथि का समापन अगले दिन 19 जुलाई 2024 की रात 07 बजकर 41 मिनट पर होगा. गुरु प्रदोष में पूजा का मुहूर्त गुरु प्रदोष व्रत में भगवान शिव की पूजा का शुभ मुहूर्त 18 जुलाई को रात 08 बजकर 44 मिनट से लेकर रात 09 बजकर



23 मिनट तक रहने वाला है. बुध प्रदोष व्रत 2024 बुध प्रदोष व्रत पर आज पढ़ें ये कथा, भोलेनाथ करेंगे हर इच्छा पूरी भौम प्रदोष व्रत 2024 ज्येष्ठ माह का पहला प्रदोष व्रत आज, जानें शुभ मुहूर्त, पूजन विधि और उपाय स्शद्व क्चह्म्ड्डस्नशह्यद्ध ड्ढह्म्ड्डह्ल 2024 सोम प्रदोष व्रत आज, जानें शुभ मुहूर्त और पूजन विधि रवि प्रदोष व्रत 2024 रवि प्रदोष व्रत आज, जानें शुभ मुहूर्त, पूजन विधि और उपाय रवि प्रदोष व्रत 2024 चैत्र मास का आखिरी प्रदोष व्रत आज, जानें पूजन विधि और शुभ मुहूर्त गुरु प्रदोष व्रत की महिमा प्रदोष व्रत में भगवान भोलेनाथ अपने भक्तों की उपासना से जल्दी प्रसन्न हो जाते हैं. उनकी पूजा-अर्चना भी बेहद सरल है. गुरु प्रदोष व्रत रखने से मनचाही इच्छा पूरी होती है. संतान संबंधी किसी भी मनोकामना की पूर्ति इस दिन की जा सकती है. गुरु प्रदोष व्रत रखने से शत्रु और विरोधी शांत होते हैं. मुकदमों और विवादों में विजय मिलती है. लेकिन गुरु प्रदोष व्रत में शिव की आराधना के कुछ विशेष नियम हैं. ऐसा कहते हैं कि इस व्रत का पूरा फल तभी मिलता है जब आप इस व्रत के सारे नियमों का पालन करते हैं. गुरु प्रदोष व्रत की पूजा विधि गुरु प्रदोष व्रत में शिवजी को जल और बेल पत्र अर्पित करें. उन्हें सफेद वस्तु का भोग लगाएं. शिव मंत्र ऊँ नमः शिवाय का जाप करें. रात के समय भी शिव जी के समक्ष घी का दीपक जलाकर शिव मंत्र जप करें. रात्रि के समय आठ दिशाओं में आठ दीपक जलाएं. इस दिन जलाहार और फलाहार ग्रहण करना उत्तम होगा. नमक और अनाज का सेवन न करें. उपाय गुरु प्रदोष व्रत के दिन सुबह स्नान के जल में सात चुटकी हल्दी डालकर स्नान करें. अपने घर की उत्तर पूर्व दिशा में मिट्टी के बर्तन में जल भरकर रखें, समय-समय पर इसे बदलते रहें. पीले आसन पर बैठकर, पूर्व दिशा की तरफ मुंह कर, हल्दी की माला से बृहस्पति के मंत्रों का जाप करें. जरूरतमंद लोगों को पीला कपड़ा, पीली मिठाई, चने की दाल हल्दी गुड़ आदि का दान करें.

# सावन के महीने में अगर आपको सपने में कभी शिवलिंग दिख जाए तो क्या होगा?

सावन का महीना भगवान शिव को अतिप्रिय है। इस माह में भोलेबाबा की आराधना से भक्तों के कई कष्ट दूर हो जाते हैं। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि, अगर आपको सावन के महीने में कभी सपने में शिवलिंग दिखाई देता है तो इसका असल जीवन में क्या अर्थ लगाया जाता है। ऐसा सपना आने के बाद कैसे परिवर्तन आपके जीवन में आ सकते हैं, आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। सावन में सपने में शिवलिंग को देखने का मतलब शिवलिंग भगवान शिव की ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। आध्यात्मिक उन्नति के लिए शिवलिंग की साधना करना बहुत शुभ माना जाता है, ऐसे में अगर आप भगवान शिव के प्रिय माह सावन में शिवलिंग को सपने में देखते हैं तो यह सपना बेहद शुभ माना जाता है। इसका अर्थ होता है कि आप जीवन में सुख-समृद्धि और आनंद की प्राप्ति करेंगे। आपके सारे मनोरथ पूरे हो सकते हैं। वहीं जो लोग



धार्मिक-आध्यात्मिक गतिविधियों में लीन हैं वो अगर ऐसा सपना देख लें तो समझ जाइए भगवान शिव आपके प्रयासों से बहुत प्रसन्न हैं। वैवाहिक जीवन में सुखद बदलाव का संकेत अगर आप शिव भक्त हैं और सावन के दौरान सपने में आपको शिवलिंग दिखाई देता है तो समझ जाइए आपके वैवाहिक जीवन में अच्छे बदलाव आ सकते हैं। वहीं अविवाहित लोगों को योग्य वर या वधु की प्राप्त हो सकती है। इस महीने में पार्वती जी ने शिव जी को वर के रूप में पाने के लिए साधना की थी, इसलिए शिवलिंग का इस महीने में आपके सपने में आना आपके प्रेम और वैवाहिक जीवन के लिए काफी अच्छा माना जाता है। आरोग्य का संकेत शिवलिंग से जुड़ा ये सपना अगर कोई बीमार व्यक्ति सावन में सपने में शिवलिंग देख ले तो उसकी बीमारी दूर हो सकती है। साथ ही आप जीवन का आनंद ले सकते हैं। शिवलिंग का सपने में दिखना यह संकेत भी देता है कि अब आप आपको अपने सेहत को लेकर चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। शिवलिंग पर जल चढ़ाना सावन के महीने में अगर आप सपना देखें कि आप शिवलिंग पर जल चढ़ा रहे हैं तो यह सपना भी अतिशुभ माना जाता है। इसका अर्थ होता है कि भोलेबाबा आपके भक्तिभाव से प्रसन्न हैं और इस सपने के आने के बाद आपको जीवन में उन्नति प्राप्त हो सकती है। सपने में सफेद शिवलिंग सपने में सफेद शिवलिंग दिखना बेहद दुर्लभ होता है। लेकिन अगर आपको ऐसा सपना आता है तो समझ जाइए आपका जीवन सकारात्मक रूप से बदल सकता है। ऐसा सपना आने के बाद आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होती है, आप जिस चीज की कामना कर रहे थे वो आपको प्राप्त हो सकती है। साथ ही इस सपने का अर्थ है कि अब आपकी ऊर्जा से सारी दुनिया चकित हो सकती है। शिवलिंग की पूजा करते खुद को देखना अगर आप सपने में शिवलिंग की पूजा करते खुद को देखते हैं तो यह सपना संकेत देता है कि अब सांसारिक कष्टों से आपको मुक्ति मिल सकती है। आप ज्ञान प्राप्ति के मार्ग पर अग्रसर हो सकते हैं।

# बीजापुर आईईडी ब्लास्ट में घायल जवानों से मिलने पहुंचे सीएम साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा और अरुण साव भी पहुंचे अस्पताल

रायपुर। बीजापुर में नक्सलियों की लगाई प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से दो जवानों की मौत हो थी. वहीं दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गए थे. आज दिल्ली दौरे से लौटते ही सीएम साय ने रामकृष्णा हॉस्पिटल पहुंचकर घायल जवानों से मुलाकात कर उनका हाल जाना. इस दौरान डिप्टी सीएम विजय शर्मा और अरुण साव ने भी घायल जवानों से मुलाकत की.



### केंद्रीय गृह मंत्री से मुलाकात कर स्थिति की दी जानकारी सीएम साय

अस्पताल में घायल जवानों से मुलाकात के बाद सीएम साय ने बताया कि ब्लास्ट में चार जवान घायल हुए जिन्हें रायपुर लाया गया है. जवान ड्यूटी से लौटते समय नाला पार कर रहे थे जब ब्लास्ट हुआ। इस घटना में शहीद जवानों में एक रायपुर और दूसरा नारायणपुर से है. शहीद जवनों को कल रायपुर माना कैंप में श्रद्धांजलि दी जाएगी. वहीं फिलहाल सभी घायल जवान खतरे से बाहर हैं. सीएम ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री से मुलाकात कर स्थिति की जानकारी दी और उनसे हर संभव समर्थन मिल रहा है. हम नक्सलवाद से मजबूती से लड़ रहे हैं.

बता दें कि बीती रात बीजापुर में सीआरपीएफ, कोबरा, सीएएफ, डीएएफ, डीआरजी, और एसटीएफ के जवान एंटी नक्सल ऑपरेशन पर निकले थे. ऑपरेशन से लौटते वक्त तर्रेम थाना क्षेत्र के मंडिमरका के जंगलों में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर दिया. आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से एसटीएफ के प्रधान आरक्षक भरत लाल साहू और आरक्षक सतेर सिंह शहीद हुए हैं. वहीं पुरषोत्तम नाग, कोमल यादव, सियाराम सोरी और संजय कुमार घायल हुए हैं. घायलों का इलाज राजधानी के रामकृष्णा हॉस्पिटल में चल रहा है.

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आईईडी ब्लास्ट में शहीद हुए जवानों को दी श्रद्धांजलि, अपना जन्मदिन नहीं मानाने का किया ऐलान

आईईडी ब्लास्ट में एसटीएफ के 2 जवान भारत साहू और सतेर सिंह शहीद हो गए और 4 जवान घायल हो गए. इस हृदय विदारक घटना ने पूरे राज्य को स्तब्ध कर दिया है. उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस दर्दनाक घटना से आहत होकर अपना जन्मदिन नहीं मनाने का फैसला किया है. उन्होंने अपने सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से भी अपील की है कि आज जब उनके भाई शहीद हुए है तब उनका मन आहत व व्यथित है वे उनका जन्मदिन न मनाए और इस कठिन समय में शहीद जवानों और उनके परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करें. उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और समाज और सरकार उनके अमर बलिदान को स्मरणित रखेगी! उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि शहीद जवानों की आत्मा को शांति मिले और घायल जवान जल्द से जल्द स्वस्थ हो जाएं. उन्होंने कहा कि इस दुखद व दुर्भाग्यपूर्ण घटना हमें यह सोचने पर विवश कर दिया है कि बस्तर की सेवा के लिए हमारे जवान कितने कठिन परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं.

उन्होंने कहा कि शहीद जवानों के परिवारों के साथ पूरा प्रदेश खड़ा है. शहीद जवानों का बलिदान देश के प्रति उनकी अटूट निष्ठा और समर्पण का प्रतीक है और हमें उनकी वीरता पर गर्व है. हमारे जवानों की शहादत हमें हमेशा याद रखना चाहिए और उनके सम्मान में हमें एकजुट रहकर देश की सुरक्षा और विकास के लिए प्रतिबद्ध रहना है.

# रेत से भरे वाहनों को बगैर कार्यवाही के छोड़ने पर कांग्रेसियों ने किया चक्काजाम

डोंगरगांव (दावा)। शहर के बगदई नदी से अवैध रूप से रेत निकाले और फिर बगैर कार्यवाही के छोड़ दिए जाने को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष के द्वारा पत्रकार वार्ता किया गया। जिसके बाद क्षेत्रीय विधायक की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा स्टेट हाइवे ब्लॉक करके करीब डेढ़ घंटे चक्काजाम किया गया।

ज्ञात हो कि विगत 3 दिन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद की शिकायत पर बगदई नदी से अवैध रूप से रेत निकलने के मामले में मौके पर पहुंचे सीएमओ और पुलिस की उपस्थिति में पंचनामा कर थाने में सुरक्षार्थ रखा गया था, वहीं करीब तीन दिन बाद पकड़े गए सभी पांचों वाहनों छोड़ दिया गया। इस मामले को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद ने पत्रकार वार्ता की और उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने दबाव में आकर वाहनों को छोड़ा है और प्रशासन को इस बात का जवाब देना होगा। इन्हीं बातों को लेकर 18 जुलाई गुरुवार को डोंगरगांव स्टेट हाईवे को क्षेत्रीय विधायक की उपस्थिति में नगर पंचायत के सामने जाम किया गया। यह चक्काजाम करीब डेढ़ घंटे तक जारी रहा। उनकी मांग थी कि चोदे गए वहीं पर पुनः नियमतः कार्यवाही हो तथा अवैध रेत व मुरूम उत्खनन को रोकने अवैध रेत डंप पर जब्ती की कार्यवाही किया जावे। चक्काजाम के दौरान कांग्रेसियों ने प्रशासन के विरोध में जमकर नारे लगाए।

इस दौरान एम्बुलेंस और स्कूल वाहनों को जान दिया गया लेकिन अन्य वाहनों को रोक दिया गया था। मौके पर अनुविभागीय अधिकारी मनोज कुमार मरकाम पहुंचे तब इस संबंध चर्चा की गई और जांच कर कार्यवाही करने की बात पर चक्का जाम समाप्त किया गया। चक्काजाम के दौरान नपं उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा, जपं अध्यक्ष टिकेश साहू, जपं उपाध्यक्ष सुयश नाहटा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष संध्या साहू, डॉ नरेंद्र साहू, पार्षदगण वैशाली बोरकर, रुकमणी साहू, अशोक मालेकर, दीपक देवांगन, प्रियंक जैन, जनपद सदस्यगण दिबिका साहू, सुशीला साहू, कमलकिशोर वैष्णव, रवि शुक्ला, विष्णु सोनी, महेंद्र वैष्णव, अखिलेश नखत, कमलेश साहू, गोल्डी, वैभव, सद्दाम सहित कांग्रेसी शामिल रहे। वहीं प्रशासन की और से चक्काजाम स्थल पर एसडीएम सहित तहसीलदार पीएल नाग व टीआई उपेन्द्र शाह व पुलिस टीम उपस्थित रही।



### नपं अध्यक्ष ने लिया पत्रकार वार्ता

बगदई नदी में नगर पंचायत अध्यक्ष की उपस्थिति में रेत से भरे वाहनों का पंचनामा तैयार कर सुरक्षार्थ डोंगरगांव थाने में रखा गया था। इधर तीन दिन बाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा लिखित सहमति के बाद वाहनों को छोड़ दिया गया। इस मामले को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद ने पत्रकार वार्ता की और उन्होंने भाजपा के लोगों पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके द्वारा सीएमओ पर दबाव डाला गया। जिसके बाद वे सहमति दिए और वाहनों को बगैर कार्रवाई के छोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि आरोप के संबंध में उनके पास पर्याप्त साक्ष्य हैं और जब तक कार्रवाई नहीं होगी तब तक विरोध जारी रहेगा। नगर के बहुत से क्षेत्र में अवैध रेट डंप है इसे लेकर भी आज तक प्रशासन के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासन दबाव में काम कर रहा है और कार्रवाई करने से बच रहा है। उन्होंने कहा की एसडीएम को इस मामले में जवाब देना होगा, कि बगैर कार्रवाई के गाड़ियों को क्यों छोड़ दिया गया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि सीएमओ से इस संबंध में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मुझ पर दबाव था और मैंने पीएम आवास के लिए रेत निकाले जाने पर अपनी सहमति दी है। उन्होंने कहा कि पत्रकार वार्ता के बाद कांग्रेसी पार्षदगण व कांग्रेस के कार्यकर्ता चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन करेंगे और प्रशासन से जवाब मांगा जाएगा। पत्रकार वार्ता के दौरान नपं उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा, पार्षद प्रियंक जैन, वैशाली बोरकर, अशोक मालेकर, पूर्व नपं अध्यक्ष संध्या साहू, विधायक प्रतिनिधि सद्दाम खत्री सहित डॉ. नरेंद्र साहू, रवि शुक्ला, शशांक खोबरागढ़े आदि उपस्थित रहे।

> रेत चोरी में लिप्त वाहनों को बगैर कार्यवाही के छोड़ा गया है, प्रशासन दबाव में काम कर रही है। पहली बार ऐसा देख रहे हैं, कि प्रशासन रेत उत्तखनन में वाहनों को नियमतः पकड़ने के बाद खनिज अधिनियम की कार्रवाई अथवा जुर्माने बगैर छोड़ देता है। उन्होंने ऐसे घटनाक्रम की पुनरावृत्ति नही करने की हिदायत देते हुए क्षेत्र में अवैध उत्खनन नही होने देने की बात कही। डोंगरगढ़ में भी रेत के मामले में कार्यवाही विवादित रहा। कोई भी घटना संज्ञान के रहेगा, हम जनता के साथ हैं और हम रेत चोरी होने भी नहीं देंगे।
> **– दलेश्वर साहू, विधायक डोंगरगांव**

> रेत को लेकर कुछ दिनों पहले सीएमओ के द्वारा कार्रवाई की गई थी और उनके द्वारा ही छोड़ दिया गया है, इस मामले को लेकर चक्काजाम किया गया था, विधिवत जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
> **– मनोज कुमार मरकाम, एसडीम डोंगरगांव**

# कलेक्टोरेट परिसर में हुआ पौधरोपण



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने इस दौरान मौलश्री पौधे का रोपण किया।

कलेक्टर ने कहा कि पौधरोपण के साथ ही पौधों का संरक्षण भी जरूरी है। इसके लिए समय पर पानी दें और सभी मिलकर आवश्यक देखरेख भी करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, एसडीएम डोंगरगढ़ खेमलाल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री हितेश्वरी बाधे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे, डिप्टी कलेक्टर अमिय श्रीवास्तव, सहायक संचालक उद्यानिकी राजेश शर्मा सहित जिला कार्यालय के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी छायादार एवं शोभायमान पौधों का रोपण किया।

# दबंग ग्रुप ने की शराब कोचिया प्रथा खत्म करने की मांग

## ग्रुप के लोगों ने पुलिस अधीक्षक को सौपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। शहर सहित जिले भर में हो रही अवैध शराब की बिक्री को लेकर दबंग ग्रुप ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर शराब कोचिया प्रथा खत्म करने की मांग की है।

ग्रुप के अध्यक्ष दीपक चौहान ने बताया कि शहर सहित जिले भर में अवैध शराब की धडल्ले से बिक्री हो रही है और कोचियों से अवैध वसूली भी किया जा रहा है। संस्कारधानी कही जाने वाली नगरी राजनांदगांव के लगभग सभी वार्डों में कोचियों के द्वारा शराब बेचा जा रहा है जिसके कारण शहर का वातावरण खराब हो रहा है। यही हालात गांवों की भी है। दबंग ग्रुप का कहना है कि वार्डों में अवैध शराब की बिक्री के चलते मारपीट हत्या-लड़ाई-झगड़े जैसी वारदाते हो रही है। घर परिवार बरबाद हो रहा है।

उपरोक्त परिस्थितियों पर पुलिस अधीक्षक का ध्यान आत्कृष्ट करते हुए दंबग ग्रुप के अध्यक्ष दीपक चौहान, सरयू धीवर, पवन निर्मलकर, रमेश सोनवानी, दिनेश राजपूत, गेमू कुंजाम, संजय लडवन, सूनील, महेश साहू, सतीश धीवर, मनोज धीवर, रीतेश देवांगन, अजय श्रीवास, रामराज यादव, नरेन्द्र हंसा, एन.के. साहू, याद साहू आदि ने हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपकर शराब कोचिया प्रथा बंद करने की मांग की है। यदि इन कोचिया प्रथा से अवैध शराब की बिक्री बंद नहीं की गई तो दबंग ग्रुप के द्वारा उग्र आन्दोलन किए जाने की चेतावनी दी गई है।

# सुखदेव ओझा का निधन



राजनांदगांव (दावा)। जनपद पंचायत के पूर्व सीईओ सुरेंद्र ओझा व जिला न्यायालय के दिनेश ओझा एवं शासकीय प्रेस के उमेश ओझा के पिता सुखदेव ओझा का आज 18 जुलाई को 88 वर्ष की आयु में एम्स में निधन हो गया। वे जनसंपर्क विभाग से सेवानिवृत्त पश्चात राजनांदगांव महेंद्र नगर के अपने निज निवास में ही रह रहे थे, उनकी अंतिम यात्रा निज निवास महेंद्र नगर, राजनांदगांव से निकली। जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# आज हज यात्रा से आयेंगे एच.बी. गाजी



राजनांदगांव (दावा)। नगर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता एवं नोटरी हलीम बख्श गाजी अपनी धर्मपत्नी श्रीमती सबीहा गाजी के साथ कल 19 जुलाई को मक्का मदीना से 40 दिनों की हज यात्रा पूर्ण कर अपने गृह नगर दोपहर 12.00 बजे बाम्बे-हावड़ा (कुर्ला) एक्सप्रेस से राजनांदगांव आ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय रेल्वे स्टेशन पर उनका परिजनों, मित्रों तथा शुभचिंतकों द्वारा भव्य स्वागत किया जावेगा। नगर की विभिन्न संस्थाओं से जुड़े एम.सईद खान ने सभी लोगों से रेल्वे स्टेशन पहुंचकर श्री गाजी के इस्तेखबाल का आग्रह किया है।

## इस बार 5 सावन सोमवार

# 72 साल बाद बन रहा दुर्लभ संयोग, सावन की शुरुआत सोमवार से और समापन भी सोमवार को ही

राजनांदगांव (दावा)। 72 साल बाद सावन में इस बार दुर्लभ संयोग बन रहा है। जब सावन की शुरुआत सोमवार से हो रहा है और समापन भी सोमवार को ही होगा। मतलब इस बार सावन में कुल पांच सोमवार पड़ रहे हैं। जिनमें 22 से 29 जुलाई और 5, 12 और 19 अगस्त है। सावन के एक दिन पहले अर्थात 21 जुलाई रविवार को गुरूपूर्णिमा है और आखिरी सोमवार 19 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन है।

वहीं सावन में पढ़ने वाले त्योहार की बात करें तो 2 अगस्त को सावन शिवरात्रि, 7 अगस्त को हरेली, 9 अगस्त को नागपंचमी और 19 अगस्त को रक्षाबंधन का त्यौहार है। इस बार सावन 29 दिनों का होगा।



### एक साथ बन रहे हैं कई शुभ योग

विद्वान पंडितो की मानें तो पहला सोमवार को प्रीतियोग, आयुष्मान योग, सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। ग्रह और नक्षत्रों की स्थिति की बात करें तो कई राज योगों का भी निर्माण हो रहा है। सावन के दौरान शुक्रादित्य, बुधादित्य, नवपंचम योग, गजकेसरी योग, कुबेर योग और शश योग जैसे राजयोग बन रहे है। भोलेनाथ का व्रत रख कर विधि विधान से मंत्रोच्चारण के बीच अभिषेक, दुग्धाभिषेक और पंचामृत अभिषेक करने वालों की मनोकामना पूरी होगी। मान्यता है कि, सावन भोलेनाथ का प्रिय महिना है। व्रत, उपवास, अभिषेक और पूजा करने वालों के लिए भोलेनाथ बहुत जल्द प्रसन्न हो जाते है। पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ कई भक्त सावन में पूरे महिने धूमधाम से पूजा करते हुए भोलेनाथ को रिझाने के लिए शिवालय में पहुंचते है। अधिकतर महिलाएं और युवतियां पांच सोमवार का व्रत रखकर भोलेनाथ को प्रसन्न करते है तो लाखों की संख्या में शिवभक्त कलश में जल भरकर बोलबम का जयकारे करते हुए नंगे पैर सैकड़ों किमी पैदल चलते हुए भोलेनाथ के प्रसिद्ध दरबार में जल चढ़ाने जाते है।

# कुपवाड़ा में एलओसी के पास भीषण मुठभेड़ शुरू, सेना के जवानों ने 4 आतंकियों को घेरा, 2 आतंकी ढेर



जम्मू। जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा केरन सेक्टर में भारतीय सेना की आतंकियों से मुठभेड़ हो गई है। दोनों तरफ से भारी गोलीबारी हो रही है। भारतीय सेना की 6 राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस के एसओजी के जवानों ने मोर्चा संभाल लिया है। भारतीय सुरक्षाबलों से मिल रही जानकारी के मुताबिक यह मुठभेड़ सीमांत क्षेत्र केरन में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा के पास हो रही है।इसमें 2 आतंकी ढेर हो गए है। मुठभेड़ अभी भी जारी है।

इस समय पूरे इलाके में मौसम गड़बड़ाया हुआ है। बारिश के कारण पहाड़ों और मैदानों में फिसलन बढ़ गई है। इसके साथ ही बरसाती नालों में पानी की आवाक काफी बढ़ गई है। बादल के कारण जंगलों में धुंध की स्थिति है और आतंकी इसी धुंध का फायदा उठा रहे हैं। इसके बावजूद सेना अपनी पूरी कार्रवाई ताकत के साथ अंजाम दे रही है। दरअसल आतंकियों पर सर्दी से पहले कुछ कर गुजरने का दबाव है।

वहीं डोडा में भी मुठभेड़ जारी है। चार दिनों से चल रही इस मुठभेड़ में फिलहाल कोई सफलता नहीं मिली है। घना जंगल, ऊंचा पहाड़ और बिगड़ा हुआ मौसम भारतीय सुरक्षा बलों के लिए चुनौती बने हुए हैं। रामबन-डोडा रेंज के डीआइजी श्रीधर पाटिल ने कहा कि ऑपरेशन अभी चल रहा है। जल्द इसे पूरा कर लिया जाएगा।

# राजनांदगांव जिला आवास निर्माण में प्रदेश में प्रथम



**जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत 26 हजार 928 आवास पूर्ण**

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत राजनांदगांव जिला प्रदेश में आवास निर्माण पूर्ण करने में प्रथम स्थान पर है। योजनांतर्गत ग्रामीण अंचलों में पात्र गरीब एवं आवासविहीन परिवारों को पक्का मकान मिल रहा है। शासन द्वारा जिले को वर्ष 2016-17 से वर्ष 2022-23 तक कुल 27 हजार 442 आवास निर्माण की स्वीकृति मिली है। जिसमें से 26 हजार 928 आवासों का निर्माण पूरा कर लिया गया है। इस प्रकार 98.10 प्रतिशत आवास निर्माण के साथ राजनांदगांव जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत शेष बचे 514 आवासों निर्माण को हितग्राहियों से संपर्क कर शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा।

साथ ही हितग्राहियों को निर्माणाधीन आवास को शीघ्र पूर्ण कर राशि प्राप्त करने कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि योजनांतर्गत जिले में शेष बचे 514 आवास निर्माण को पूरा करने के लिए हितग्राहियों की सहभागिता बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने हितग्राहियों से अपने आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करने एवं योजना अंतर्गत चार किस्तों में प्राप्त होने वाली कुल 1 लाख 30 हजार रूपए तथा 95 मानव दिवस की मजदूरी राशि मनरेगा से प्राप्त करने कहा है।

## सवा लाख पार्थिव शिवलिंग की पूजा..



राजनांदगांव( दावा )। मिथिलाधाम श्री गणेश मंदिर प्रांगण में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग स्थापित कर पूजन समारोह पूर्वक धूमधाम से किया गया। श्री चौधरी ने बताया कि इसमें मौनी बाबा के भक्तगण शामिल हुए।

# महापौर परिषद में विकास कार्यों की दी गयी स्वीकृति



राजनांदगांव (दावा)। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक निगम स्थित महापौर कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत व सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ देने एवं डी.एम.एफ. मद से एकेडमी कैम्पस में अन्य कार्य कराये जाने के अलावा सफाई ठेका के लिये आहूत निविदा में दर स्वीकृति के लिये निगम अधिनियम के तहत पुर्न विचार हेतु आये प्रकरण की दी गयी स्वीकृति की पुष्टि की गयी तथा गणेश पर्व आयोजन के संबंध में प्रक्रिया करने स्वीकृति प्रदान की गयी।

महापौर श्रीमती देशमुख ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि भुगतान किये जाने की स्वीकृति तथा लोक सेवा केन्द्र से प्राप्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के पात्र आवेदनों की अनुशंसा सहित स्वीकृति हेतु सामान्य सभा को अग्रेषित किया गया। साथ ही गौरव पथ में डीएमएफ मद से निर्माणाधीन एकेडमी कैम्पस मे अन्य कार्य कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी। इसके अलावा ठेका वार्डो में इस वित्तीय वर्ष के लिये आहुत निविदा में प्राप्त न्युनतम दर की स्वीकृति के प्रकरण में निविदा निरस्तीकरण के प्रस्ताव पर छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम (मेयर-इन-काउंसिल/प्रेसीडेन्ट इन काउंसिल के कामकाज संचालन तथा प्राधिकारियों की शक्तिया एवं कर्तव्य) अधिनियम 1998 नियम 12 उप नियम 3 अनुसार वार्डो में सफाई ठेका हेतु आमंत्रित निविदा में प्राप्त न्युनतम दर की पुर्नविचार हेतु प्रस्तुत प्रकरण पर दी गयी स्वीकृति की पुष्टि की गयी तथा गत वर्ष के गणेश पर्व प्रतियोगिता के पुरूस्कारों की स्वीकृति व इस वर्ष प्रतियोगिता आयोजित करने प्रक्रिया करने की स्वीकृति के साथ-साथ अन्य विषयों की स्वीकृति दी गयी।

बैठक में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री मधुकर बंजारी, सतीश मसीह, संतोष पिल्ले, विनय झा, भागचंद साहू, श्रीमती दुलारी बाई साहू, गणेश पवार, राजा तिवारी, राजेश गुप्ता चंपू, श्रीमती बैनाबाई टुरहाटे, आयुक्त अभिषेक गुप्ता सहित उपायुक्त मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, राजस्व अधिकारी दीपक अग्रवाल, समाज कल्याण अधिकारी भूपेन्द्र वाडेकर, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता सुश्री पिंकी खाती, सहायक लेखा अधिकारी राकेश नंदे, स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा, लेखापाल शैलेष पाण्डे व पंकज साहू, प्र.कार्यालय अधीक्षक अशोक चौबे सहित निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

आवश्यकता है
दैनिक अखबार में कार्य के लिए कुशल युवक-युवतियों की
* विज्ञापन मार्केटिंग
* कम्प्यूटर ऑपरेटर
* सिटी रिपोर्टर
संपर्क समय- प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक
-: संपर्क :-
दैनिक दावा कार्यालय बल्देव बाग, राजनांदगांव, मो.- 93004-14726

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. – 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com